


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 10, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 4 फरवरी 2024



आज का मौसम: 24.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:59 | सूर्यास्त 5:54

भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...13

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती



होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षा, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान



पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

## एक नजर

### जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

**लखनऊ।** उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यो में गति प्राप्त होगी।

### इग्नू ने 15 फरवरी तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने पहले दाखिला सत्र की तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने गुरुवार को बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिये भारत की सबसे प्रसिद्ध एवं प्रख्यात (इग्नू) में दाखिले के लिये साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई में। कहा कि जनवरी सत्र के लिए दाखिले जारी है।

### हथियार तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने हथियारों और गोला-बारूद की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए मिजोरम से एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि देश के कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और गोला-बारूद की तस्करी का गिरोह चलाने के संबंध में जानकारी मिलने के बाद मिजोरम के ममित इलाके के निवासी लालनगैहौमा को आइजोल से गिरफ्तार किया गया।

### 1896 से प्रकाशित पुस्तकों का किया डिजिटलीकरण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल शिक्षा विभाग ने 1896 से प्रकाशित विभिन्न विषयों की 1,250 से अधिक पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण किया है, ताकि इन्हें भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित किया जा सके। राज्य में एक पुस्तकालय कार्य कर रहा है जिसका उपयोग शोधकर्ताओं, छात्रों और शिक्षा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है।

### राशन कार्ड वाले दिव्यांगों को मिलेगी पेंशन

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगों को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगों के पास राशन कार्ड होगा, उन्हें पेंशन के साथ मकान भी दिया जाएगा। जल्द ही पेंशन की राशि बढ़ाई भी जाएगी। अफसरों को निर्देश दिया कि कोई भी दिव्यांग राशन कार्ड, आवास, पेंशन और शिक्षा से वंचित न रहे।

# आडवाणी को भारत रत्न सम्मान

## वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।

> मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। -**लालकृष्ण आडवाणी**, वयोवृद्ध भाजपा नेता

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दीः मोदी



**संबलपुर (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

### अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी



**लखनऊ।** लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

## न्याय प्रणाली को और अधिक लचीला बनाने की जरूरत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं। उन्होंने जांच और न्याय प्रदान करने में भी सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है।

# जज का फंदे पर लटका मिला शव

## 29 अप्रैल 2023 को बदायूं में ग्रहण किया था कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ज्योत्सना राय

- पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- अवसाद के चलते प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा

**अमृत विचार :** जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे।

> महिला जज का घर में पंखे पर शव लटका मिला है। कुछ दस्तावेज भी मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। -**आलोक प्रियदर्शी**, एसएसपी

# फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ बनेगा कानून

## सांसदों की बैठक मंगलवार को, दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। इसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।


उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है, तब वे बड़े डॉक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं। मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डॉक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है, लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डा. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है। आईएमए तमिलनाडु के अध्यक्ष डॉ. अबुल हसन कहते हैं कि पूरे राज्य के दूर दराज इलाकों में फर्जी डॉक्टर अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस कर रहे हैं। आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है। डॉ. बंसल के मुताबिक केंद्र सरकार को आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानून बनना चाहिए।

### फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आयुर्विजिलेंस अभियान

दूसरी तरफ दिल्ली ला चैंबर्स के अध्यक्ष मिलन कुमार वर्मा की अगुवाई में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ "आयुर्विजिलेंस" नामक अभियान छेड़ा गया है। इसके तहत देश भर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आने वाली शिकायतों का न सिर्फ निपटारा कराया जाएगा, बल्कि शिकायतकर्ताओं को निशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमन शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के नाम पर भी बड़े शहरों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज वहां पर ठगे जाते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हम लोगों ने उक्त आभियान छेड़ा है।

## पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी। महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस- आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

# सपा राम और डॉ. आंबेडकर विरोधी : योगी

## चुनावी मूड में दिखे मुख्यमंत्री, सपा मुखिया अखिलेश पर किया कटाक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोडों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा।



कन्नौज में विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- कन्नौज में 59 और संतकबीर नगर में 114 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने कन्नौज में अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा में कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को स्पीड से पूरा करती है, वहीं आस्था का सम्मान भी करती है।

कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो, दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। यहां के इत्र व्यापारियों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है।

# सीएपीएफ में भर्ती मामले में सीबीआई की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने कार्रवाई
- कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे।

सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में कथित तौर शामिल हैं।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

# कैंसर से बचना है तो करें उपवास



**डॉ. अर्जुन अग्रवाल**
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नई तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है। इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफिल्ट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।



### शोध में मिला कुछ खास

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिंस की रिसर्च में यह पाया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैंलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने शोध किया और इसको निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

## एक नजर

### सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज मेरठ के डॉ.सुधीर राठी को, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य नियुक्ति किया गया है। यह नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के तहत हुई है। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को दी गई है। मालूम हो कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक व प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की जा रही हैं।

### 446 सरकारी चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोतरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रुपये वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के महामंत्री डॉ.अमित सिंह ने बताया कि अभी अन्य अधिकृत चिकित्सक हैं, जिन्हें इस सूची में लाभ नहीं मिला है। शासन को निर्धारित समय पर एसएसीपी की बैठक करनी चाहिए ताकि चिकित्सकों को समय पर लाभ मिल सके।

### राज्यपाल आनंदीबेन ने दी आडवाणी को बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि आडवाणी ने अपने सार्वजनिक जीवन में दशकों तक सेवा करते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताई और अनुकरणीय मानक स्थापित किया।



विधान सभा सत्र में भाग लेने के लिए जाते मुख्यमंत्री योगी, साथ में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद।



बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते सपा नेता शिवपाल यादव, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया व अन्य।



सत्र में हिस्सा लेने के लिए जातीं कांग्रेस विधायक अराधना मिश्रा, साथ में अन्य।

# विप में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

## सपा सदस्यों ने दो बार किया सदन से वाकआउट, केशव मौर्य बोले- सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विधान परिषद में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के



सामूहिक दुराचार की घटना को लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम-105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है। सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई।

घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है। खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले। सपा के ही लाल बिहारी यादव ने कहा कि घटना के दूसरे दिन लड़कों को पकड़ा जाता है और अगले ही दिन छोड़ दिया जाता है। पांच हजार लोगों ने घेराव किया तो दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पीड़िता का मेडिकल कराया गया।

सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पॉक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा।

सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कार्यस्थगन अस्वीकार करते हुए सरकार को संदर्भित कर दिया।

### बसपा ने उठाया भर्ती और पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठाया, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ. आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने तथ्यों से सदन को अवगत कराया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम-110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। वहीं, नियम-111 के तहत आने वाली 10 सूचनाओं में तीन भाजपा की, अन्य दलों की एक-एक कुल छह सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### नहीं उठा मलिहाबाद के तिहरे हत्याकांड का मामला

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीबी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

### सदस्यों के निधन पर शोक के बाद विधान सभा स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य मानवेन्द्र सिंह का लगभग 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे वर्ष 2022 में लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र ददरौल, जिला शाहजहांपुर से विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान विधानसभा के ही सदस्य डॉ शिव प्रताप यादव का बीते 26 जनवरी को लगभग 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह इस सदन के वरिष्ठ सदस्य थे। वह वर्तमान विधानसभा में चौथी बार निर्वाचित होकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सदन के पूर्व सदस्य मोबीन अहमद आजमी, सतीश चन्द्र, जटाशंकर सिंह, मो. इरशाद खान, जगदीश गांधी व डॉ सुरेश संगल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की।



गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए राजभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में अन्य। अमृत विचार

## प्रशिक्षण शिविर में एडीएम सीखेंगे आपदा प्रबंधन के गुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईआईएम समेत प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों (एडीएम) को महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 25-25 एडीएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ में 6 और 7 फरवरी को आयोजन होगा।

अपर मुख्य सचिव (राजस्व) सुधीर गर्ग ने बताया कि शिविर में जलवायु परिवर्तन और संवेदनशीलता, आपदा प्रबंधन, राहत लॉजिस्टिक्स, स्टेकहोल्डर प्रबंधन, डिजिटल पहल और डिजाइन थिंकिंग के उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इससे अधिकारियों को जिला स्तर पर नीति, प्रबंधन और क्रियान्वयन तंत्र को समझने में मदद मिलेगी।

### चार सत्र में होगी कार्यशाला

शिविर के पहले सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर ऑफ स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट नीरज द्विवेदी, दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के सीनियर ऑफिशियल्स, तीसरे सत्र में इंटेलेक्ट चेन्नई के सीईओ डॉ. अरुण जैन और चौथे सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और कोच्चि के जीटी भरत सम्मिलित होंगे। दूसरे दिन पहले सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और जीटी भरत, दूसरे तीसरे और चौथे सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रो. एस वेंकट शामिल होंगे।

प्रशिक्षण शिविर में एक्सपर्ट द्वारा अधिकारियों को नई प्रबंधन तकनीक के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में नये अवसरों की जानकारी दी जायेगी। शिविर को प्रदेश के वर्तमान जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिक्रिया को देखते हुए डिजाइन किया गया है। सरकार का शिविर के जरिये बढ़ती आपदाओं की घटनाओं को कम करने के साथ जनहानि को न्यूनतम करना उद्देश्य है।

## एक्स पर नंबर-1 मुख्यमंत्री बने योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27.4 मिलियन लोग करते हैं फॉलो
- तीसरे सबसे लोकप्रिय राजनेता भी



**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन गए हैं। एक्स पर फॉलोअर्स की संख्या के मामले में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की फेहरिस्त में योगी आदित्यनाथ पहले नंबर पर हैं, जबकि देश में एक्स पर राजनेताओं के फॉलोअर्स की श्रेणी में मुख्यमंत्री योगी का तीसरा स्थान है।

योगी आदित्यनाथ के निजी एक्स अकाउंट @myogiadityanath पर फॉलोवर की संख्या 27.4 मिलियन का आंकड़ा पार कर गई है। राजनेताओं के पर्सनल एक्स अकाउंट के मामले में अब योगी आदित्यनाथ से आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब फॉलोअर्स की रेस में सीएम योगी से पिछड़ गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी की सोशल मीडिया पर लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से वह काफी आगे हैं। एक्स पर राहुल गांधी के 24.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अखिलेश यादव के 19.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

**पर्सनल ऑफिस अकाउंट देश में सबसे आगे**

योगी आदित्यनाथ के व्यक्तिगत एक्स अकाउंट के अलावा उनका पर्सनल ऑफिस अकाउंट @myogioffice भी काफी लोकप्रिय है और एक करोड़ से ज्यादा लोग उससे जुड़े हैं। मुख्यमंत्री योगी का पर्सनल ऑफिस अकाउंट देश का सबसे बड़ा पर्सनल ऑफिस अकाउंट है। इसे फॉलो करने वालों की संख्या 10 मिलियन (1 करोड़) से अधिक है।

## कांग्रेस के कोऑर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोऑर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोऑर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डॉ. युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं।

इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चौधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए हृदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि कांग्रेस ने पूर्व में कुल 80 सीटों पर कोऑर्डीनेटरों की सूची जारी की थी।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर व परेड-2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के कैडटों को शनिवार को राजभवन में पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि युवाओं का दायित्व देश को आगे ले जाना है। युवाओं को जो प्रशिक्षण एनसीसी से प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे, तब उनके काम आएगा। आने वाला भारत कैसा हो, इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश से एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।



मनोनयन के बाद हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी को प्रमाणपत्र सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी।

### हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी जिला चेयरमैन मनोनीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग गोरखपुर का जिला चेयरमैन मनोनीत किया गया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने शनिवार को इस सिलसिले में पत्र जारी किया। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने अंसारी को नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष शाहनवाज खान, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. मनीष हिंदवी, अलीमुल्लाह खान आदि मौजूद रहे।

## ओबरा सी की दूसरी इकाई से बिजली उत्पादन शीघ्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो हजार मेगावाट बिजली की उपलब्धता और बढ़ जाएगी



**अमृत विचार :** ओबरा सी की 660 मेगावाट की निर्माणाधीन दूसरी इकाई से भी जल्द उत्पादन शुरू होगा। उत्पादन निगम के अधिकारी इसकी तैयारी में जुटे हैं।

इस परियोजना की पहली इकाई से बीते दिन कमर्शियल उत्पादन शुरू हो गया। इससे प्रदेश को 660 मेगावॉट की अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश की बिजली उत्पादन की क्षमता 7140 मेगावाट हो गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जवाहरपुर और घाटमपुर परियोजना की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई से अप्रैल तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति व इसकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संरचनागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश में बिजली की किल्लत खत्म होगी। उन्होंने बताया कि ओबरा सी की दूसरी इकाई से जून तक बिजली का उत्पादन शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आने वाली गर्मी के मौसम में राज्य में बिजली की अधिकतम मांग को पूरा करने में बहुत सहायता मिलेगी। लोगों को बिजली कटौती से नहीं जूझना पड़ेगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मई-जून की भीषण गर्मी से पहले ही राज्य में लगभग दो हजार मेगावाट बिजली की उपलब्धता और बढ़ जाएगी।

**परियोजना** | जेवर एयरपोर्ट के पास मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना की प्रक्रिया तेज

## कैंसर के इलाज समेत मिलेंगी कई हाईटेक सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर यीडा ने शुरू की तैयारी

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना व विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां गामा रेडिएशन फैसिलिटी के जरिए कैंसर केयर समेत उच्च चिकित्सीय तमाम सुविधाएं होंगी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास किया जा रहा है। इसकी कुल लागत 439 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें से सामान्य बुनियादी सुविधाओं (सीआईएफ) के विकास की लागत लगभग 190 करोड़ रुपये होगी। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित



चयनित मेडिकल डिवाइस पार्क में सामान्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए एकमुश्त अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अब मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोलॉजी व इमेजिंग मेडिकल डिवाइसेस, एनेस्थेटिक्स व कार्डियो रेस्पिरेटरी तथा पेसमेकर्स व कोकलियर इंप्लांट डिवाइसेस के इक्विप्मेंट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस उद्देश्य से यीडा द्वारा एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) के माध्यम से गामा रेडिएशन सुविधाएं स्थापित करने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से इन सुविधाओं के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन में रुचि रखने वाली कंपनियों को आमंत्रित किया जा चुका है और कार्य वितरण की प्रक्रिया जारी है।

### पांच तरह की सुविधाओं के विकास पर फोकस

पार्क में चिकित्सा जगत की पांच तरह की बड़ी सुविधाओं पर मुख्यमंत्री का फोकस है। पहला कैंसर केयर-रेडियोथेरेपी मेडिकल डिवाइसेस के संयंत्र के तौर पर रोटेशन कोबाल्ट मशीन, रेडियोथेरेपी सिमुलेशन सिस्टम, लीनैक 4 ब्रैकीथेरेपी सिस्टम का विकास करना है। फिर रेडियोलॉजी व न्यूक्लियर इमेजिंग सिस्टम के तहत एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे, स्पेक्ट स्कैन, मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड मशीन व कैथलैब की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इसी प्रकार, एनेस्थेटिक्स और कार्डियो-रेस्पिरेटरी चिकित्सा उपकरण (जिसमें कार्डियोरेस्पिरेटरी श्रेणी के कैथेटर और गुर्दे की देखभाल संबंधी चिकित्सा उपकरण शामिल हैं) के अंतर्गत एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, स्वचालित बाहरी डिफिब्रिलेटर (एईडी), डायलिसिस मशीन, डायलाइजर व पेरिटोनियल डायलाइजर किट के विनिर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। फिर कॉकलियर इम्प्लांट और पेसमेकर जैसे इम्प्लांटेबल इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों सहित हिप इम्प्लांट, घुटना इम्प्लांट, इम्प्लांटेड पेसमेकर और इंसुलिन पंप इक्विप्मेंट्स जैसी सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। पांचवीं कैटेगरी के तौर पर इन वाइट्रो डायग्नोस्टिक्स के रूप में बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर, हेमेटोलॉजी एनालाइजर, इम्यूनोएस्से, को-ऑगुलेशन एनालाइजर व ब्लड गैस एनालाइजर जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

### वोट का बिखराव रोकने को दिया गया आडवाणी को भारत रत्न



**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने के केन्द्र सरकार के फैसले को सपा के अखिलेश यादव ने वोट की राजनीति से जोड़ा है। शनिवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन होने से भाजपा का वोट बैंक बिखरने लगा है। वोट के बिखराव को रोकने के लिए भाजपा हर हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कि इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा जीत और सीट के आधार पर होगा।

## 1,540 नए मार्गों पर चलेंगी डबल डेकर बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी समेत 14 जिलों में 1,540 नए मार्गों पर परिवहन निगम की डबल डेकर बसें दौड़ेंगी। राज्यपाल की अनुमति के बाद परिवहन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर निजी बसें अनुबन्धित की जाएंगी। डबल डेकर बसों के चलने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही सुखद अनुभव मिलेगा। प्रयास है कि यात्रियों को सेवाएं जल्द उपलब्ध हों। निजी बसें अनुबंध करने के लिए विभाग द्वारा टेंडर निर्गत किये जाएंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बांदा, बरेली, बस्ती, गोंडा, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद और मिर्जापुर में डबल डेकर बसें संचालित की जायेंगी। इन बसों के चलने से यात्रियों को सुविधा के साथ ही परिवहन निगम को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा।




## अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार, आपके द्वार' टीम आपकी समस्याएं जानने रविवार को बाबू कुंज बिहारी वार्ड के पवनपुरी पोस्ट आफिस के पास करीब 11 : 00 बजे पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी क्षेत्र की समस्याएं टीम के सदस्यों से साझा कर सकते हैं। आपकी दिक्कतों को अमृत विचार समाचार पत्र प्रमुखता से उठाएगा।

## शहर में आज



- विश्व कैंसर दिवस पर केजीएमयू में जागरूकता रैली - 10:00 बजे।
- चक गंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम - 10:00 बजे।
- सलेमपुर हाउस (कैसरबाग) में सनतकदा महोत्सव के तीसरे दिन विविध सांस्कृतिक आयोजन - 11:00 बजे।
- कानपुर रोड स्थित सीएमएस के ऑडिटोरियम में डॉ. जगदीश गांधी की स्मृति में प्रार्थना सभा का आयोजन - 11: 00 बजे।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच द्वारा पटेल समाज के सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता पर बुद्धिजीवी सम्मेलन - 12:00 बजे।

# 'गजेटियर' बताएगा शहर का इतिहास और भूगोल

## लखनऊ की संस्कृति, भाषा और समुदाय की आसानी से मिलेगी जानकारी

गोपाल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंग्रेजों के जमाने में बना लखनऊ समेत प्रदेश के सभी शहरों का 'गजेटियर' नए सिरे से तैयार किया जाएगा। इससे शहरों का इतिहास और भूगोल भी बदल जाएगा। प्रदेश सरकार ने इसकी कवायद भी शुरू कर दी है। पहले चरण में लखनऊ और मुरादाबाद का मॉडल ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है।

इसमें शहर की सीमा, क्षेत्रफल, प्रमुख ऐतिहासिक और शासकीय इमारतों से लेकर विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन का ब्योरा रहेगा। साथ ही लखनऊ की संस्कृति, भाषा, जाति, जनसंख्या और समुदाय की भी अपडेट जानकारी मिलेगी। इसके लिए नगर निगम समेत कई अन्य विभागों ने जिला गजेटियर विभाग द्वारा मांगी गई सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी है। लखनऊ के बारे में लगभग 1,000 पन्नों की बुकलेट तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुतिकरण के बाद हरी झंडी मिलते ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

गजेटियर विभाग ने भेजा है समस्त जिलाधिकारियों को पत्र

मुख्य सचिव के निर्देश के बाद जिला गजेटियर विभाग के प्रमुख सम्पादक ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेज दिया है। गजेटियर तैयार करने के लिए सभी विभागों को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय ने समस्त विभागों से उनका इतिहास, क्षेत्र, इमारतें, कार्य, संचालित योजनाएं और कर्मचारियों और विभाग का ब्योरा मांगा है।



- प्रमुख इमारतों से लेकर योजनाओं और कार्यों तक का रहेगा ब्योरा
- मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुतिकरण के बाद मिलेगी हरी झंडी
- पहले चरण में लखनऊ व मुरादाबाद का मॉडल ड्राफ्ट होगा तैयार
- सभी जिलों को तैयारी के लिए गजेटियर विभाग ने भेजा है पत्र

### लविवि के दो प्रोफेसर कर रहे मॉनीटरिंग

विभागों द्वारा जिला गजेटियर की वेबसाइट पर भेजी जा रही सूचना की मॉनीटरिंग लखनऊ विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसर कर रहे हैं। वर्ड फांट पर भेजी गयी सूचना को अपडेट करने के साथ आवश्यकता पर दोबारा जानकारी मांगी जा रही है। सभी विभागों की सूचनाओं को एकत्र करके लगभग एक हजार पेज की बुकलेट तैयार की जाएगी। इसका मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

### क्या होता है गजेटियर

अंग्रेज प्रशासकों ने अपनी जानकारी और सुविधा के लिए 'गजेटियर' तैयार कराया था। जिले और राज्यों के बारे में यह सरकारी दस्तावेज सबसे प्रामाणिक माना जाता है। गजेटियर में जिले का इतिहास, भूगोल, जलवायु, अवस्थिति, वर्षा, जनसंख्या, साक्षरता, उद्योग-धंधे, आर्थिक गतिविधियों, जातियां, भाषा, साहित्य, संस्कृति आदि जानकारी आंकड़ों सहित रहती है।

### लखनऊ के बारे में घर बैठे ले सकेंगे जानकारी

गजेटियर से घर बैठे लखनऊ के बारे में जानकारी ले सकेंगे। लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहरों, नवविकसित क्षेत्र, विभागों द्वारा संचालित योजनाएं, आवासीय योजनाओं, सरकारी कार्यालयों, जनसंख्या, इतिहास, समुदाय आदि की जानकारी एक क्लिक पर देख सकेंगे। बुकलेट तैयार करने के साथ इसे वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा।

# शाइन सिटी के अवैध निर्माण पर चला एलडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 20 बीघे में सॉलिटेयर सिटी के नाम से विकसित की जा रही थी कॉलोनी

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को शाइन सिटी ग्रुप के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। एलडीए से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए ही कंपनी सॉलिटेयर सिटी के नाम से अवैध रूप से कॉलोनी विकसित कर रही थी।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो प्रिया सिंह ने बताया कि शाईन सिटी प्रा. लि. के राशिद नसीम द्वारा गोसाईंगंज-मोहनलालगंज रोड पर इंदिरा नहर के किनारे लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से सॉलिटेयर सिटी नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कंपनी भू-खंड विकसित कर बेच रही थी। कंपनी ने प्राधिकरण से मानचित्र भी स्वीकृत नहीं कराया था। इसके विरुद्ध विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण का आदेश पारित था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंताओं ने पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, चहारदीवारी आदि ध्वस्त कर दिया।




## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने लखनऊ आएंगे प्रधानमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल हो सकते हैं।18 से 22 फरवरी के बीच प्रधानमंत्री लखनऊ आ सकते हैं। प्रधानमंत्री लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा मोहान रोड योजना में निर्माणाधीन अटल प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री का लखनऊ कार्यक्रम तय हो गया है। गोमती नगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 18 फरवरी से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और अभियंताओं ने शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# 40 शिकायतों की ऑनलाइन सुनवाई करेगा यूपी रेरा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गौतमबुद्धनगर तथा गाजियाबाद में प्रमोटर्स से जुड़ीं 40 शिकायतों की यूपी रेरा अगले महीने विभिन्न तिथियों में ऑनलाइन सुनवाई करेगा। रेरा ने प्रमोटर्स को अपना पक्ष रखने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी कर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

रेरा की विभिन्न पीठों की सुनवाई में कई तिथियों में अनुपस्थित रहने वाले पक्षकारों को अंतिम मौका दिया है। ई-कोर्ट के माध्यम से सुनवाई में जुड़ने के लिए पक्षकारों को निर्धारित सुनवाई तिथि से दो दिन पहले रेरा रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर और ई-मेल आईडी पर लिंक भेज देगा।

40 में से 13 शिकायतें एसजेपी ग्लोबल लिमिटेड, चार सारे सामग रियल्टी प्रालि., अर्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और वर्धमान एस्टेड एण्ड डेवलपर्स की तीन-तीन शिकायतें, पैरी डेवलपर्स प्रा.लि. तथा अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. की दो-दो शिकायतें, सामिया इंटरनेशनल, गार्डेनिया इंडिया, एक्सप्रेस बिल्डर्स, एक्सप्रेस बिल्डर्स, वर्धमान इंफ्राडेवलपर्स, क्वालिटी टाउनशिप, जेएम. हाउसिंग, रेडिकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर, जियोटेक प्रमोटर्स, साधना एंटरप्राइजेज, ब्लेसिंग्स होम्स तथा श्रीसी प्रॉपर्टीज की एक-एक शिकायतें हैं।




- सुनवाई में अनुपस्थित रहे प्रमोटर्स को एक और मौका

## प्रगति विचारधारा फाउंडेशन ने कार्यक्रमों का किया आयोजन

**अमृत विचार लखनऊ :** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था प्रगति विचारधारा फाउंडेशन द्वारा कांशीराम उपवन में चल रहे महोत्सव में स्वास्थ्य जागरूकता, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष नेहा खरे, संस्था की संरक्षक डॉ सीमा गुप्ता, एसके अवस्थी व स्टेलर अकादमी की प्रधानाचार्य अंजली श्रीवास्तव समेत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सबसे पहले स्टेलर अकादमी के बच्चों व अन्य बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद संस्था द्वारा चलाए जा रहे ब्यूटी पार्लर कोर्स सीख रही महिलाओं को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष नेहा खरे ने बताया कि हमारी संस्था समाजिक व सांस्कृतिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

# आज से बारिश व ओलावृष्टि के आसार

- बारिश के साथ तेज हवाओं के चलने से फिर लुढ़क सकता है पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में रविवार से मंगलवार तक बारिश, बिजली कड़कने और ओलावृष्टि के आसार हैं। इस दौरान कुछ हिस्सों में हल्की और कुछ जिलों में अधिक बारिश होने का अनुमान जताया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र से जारी बुलेटिन के अनुसार पूर्वी, पश्चिमी और बुन्देलखंड अंचलों के ज्यादातर हिस्सों में बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं के चलने के आसार हैं। जबकि कुछ हिस्सों में सोमवार से मंगलवार के बीच भी इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने कहा कि बारिश के दौरान घर से बाहर होने पर किसी पेड़ आदि के नीचे आश्रय न लें, सुरक्षित स्थान पर ही ठहरें।

**इन जिलों में ओलावृष्टि के आसार :** रविवार से सोमवार के बीच आगरा, अमरोहा, औरैया बागपत, बांदा, बिजनौर, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, हमीरपुर, हाथरस, जालौन, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, रामपुर, सहारनपुर, शामली और आसपास के इलाकों में ओले पड़ने का आरेंज अलर्ट है।

### इन जिलों में वज्रपात की आशंका

कासगंज, कौशाम्बी, लखीपुरखीरी, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, संत कबीरनगर, संत रविदास नगर, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, शामली, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी और आसपास के इलाकों में भी वज्रपात की आशंका है।

### इन जिलों में बारिश के साथ बिजली कड़कने का अनुमान

आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकरनगर, अमेठी, अमरोहा, औरय्या, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलंदशहर, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई हाथरस, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर के आसपास रविवार को बारिश होने के साथ बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है।

## एक नजर

### चार डिप्टी कलेक्टर के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने चार डिप्टी कलेक्टर के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। फाल्गुनी सिंह को एसडीएम सरोजनीनगर बनाया गया। जबकि बृजेश कुमार वर्मा को एसडीएम मोहनलालगंज, डॉ. सचिन कुमार को एसीएम तृतीय के साथ अपर उप जिलाधिकारी सदर और हनुमान प्रसाद को एसीएम द्वितीय बनाया गया।

# 3 दिनों में 300 ई-रिक्शों का चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नए नियम का पालन नहीं करने वाले ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई का डंडा चलना शुरू हो गया है। पिछले तीन दिन में करीब तीन सौ ई-रिक्शा का चालान किया गया है। वहीं 15 फरवरी के बाद प्रतिबंधित मार्ग पर जो भी ई-रिक्शा मिलेगा, सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। तय तारीख के बाद बाद ई-रिक्शा पर रसीद चस्पा नहीं मिली तो सीज कर दिया जाएगा।

शहर में रूट न तय होने से चालक मनमाने रास्तों पर ई-रिक्शा दौड़ा रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए जिले को पांच जोन में बांट कर अलग-अलग रंग तय कर दिए गए थे। इसके लिए आवेदन फार्म भरकर लाइसेंस और आरसी के साथ जमा करना है। अभियान में 41 हजार से ज्यादा फार्म वितरित किए गए थे। उनमें से अब तक महज 10 हजार 250 लोगों ने ही फार्म जमा किए हैं।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 15 फरवरी तय कर दी गई है। ऐसे में बचे 12 दिन में फार्म जमा करने वालों को ही रूट मिलेगा। उसके बाद भी फार्म जमा नहीं किया तो ई-रिक्शा के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। यदि ई-रिक्शा चलाते मिले तो सीज कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं रूट तय होने के बाद ई-रिक्शा प्रतिबंधित मार्ग पर सख्ती की जाएगी। इसके लिए अलग से ट्रैफिक और स्थानीय पुलिस अभियान चलायेगी।



- 15 फरवरी के बाद प्रतिबंधित रूट पर ई-रिक्शा मिला तो कार्रवाई
- तय तारीख के बाद ई-रिक्शा पर रसीद चस्पा नहीं मिली तो सीज कर दिया जाएगा वाहन

### फार्म वितरित होने से ई-रिक्शा की संख्या की मिली जानकारी

आरटीओ के पास पंजीकृत 44 हजार ई-रिक्शा शहर में दौड़ रहे थे। जबकि उनकी संख्या इसकी दोगुनी थी। ऐसे में पुलिस के नए नियम से ई-रिक्शा की सही संख्या की जानकारी मिल रही है। अब तक थानों से 23 हजार 739 और ट्रैफिक ऑफिस से 17 हजार 408 समेत 41 हजार फार्म बांटे गए हैं।



हजरतगंज क्षेत्र में शनिवार को ठंड के बीच गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

# सपा विधायक डॉ . मनोज पांडेय से 39 .35 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री और रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय के साथ 39.35 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी का मैनेजर बन विधायक को झांसे में लिया। जमा किए गए रुपयों की रसीद नहीं मिलने पर जब विधायक कंपनी के ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि कोई भी किस्त नहीं जमा हुई है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर कैंट पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि दिलकुशा कालोनी स्थित उनके आवास पर जनवरी 2019 में एक शख्स मुलाकात करने आया था। खुद का परिचय पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लखनऊ के प्रबंधक रमाकांत पांडेय के रूप में दिया था। उसने कहा था कि चार साल बाद रुपये निकालेंगे तो बोनस के साथ 63,23,980 रुपये मिलेंगे। झांसे में आकर विधायक ने फरवरी 2019 में 10 लाख रुपये का चेक रमाकांत को सौंप दिया।

इसके बाद आरोपी ने उनकी बात सीए से कराई। सीए ने कहा कि प्लान मेल कर दीजिए, मैं उन्हें समझा दूंगा। कुछ दिन बाद मेल पर बॉन्ड भेजा गया। बांड और प्लान का मिलान करने पर योजनाओं में अंतर मिला। विधायक ने प्रबंधक को काल कर बुलाया और दोनों योजनाओं का अंतर बताया। तब प्रबंधक ने योजना का लाभ मिलने की लिखित गारंटी दी। विधायक ने तीन साल तक किस्त के रूप में 29,35,409 रुपये जमा किए। इसके बाद प्रबंधक ने विधानसभा सचिवालय में मुख्य सचेतक के कमरे पहुंच विधायक का मेडिकल कराया और चौथी किस्त ली। जिसकी रसीद बाद में देने को कहा।

चार माह बाद भी रसीद नहीं मिलने पर विधायक ने जब प्रबंधक को फोन किया तो उसने शहर से बाहर होने की बात कही। इसके बाद विधायक जनवरी में पीएनबी मेटलाइफ के ऑफिस पहुंचे। जहां कोई भी किस्त जमा होने का रिकॉर्ड नहीं मिला। इसके बाद 39.35 लाख की ठगी का पता चलने पर विधायक ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर कैंट पुलिस ने रमाकांत पांडेय के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज की है। कैंट इंस्पेक्टर गुरप्रीत कौर ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




- जालसाज ने कंपनी का मैनेजर बन किस्तों के रूप में जमा कराए रुपये
- जमा रसीद नहीं मिलने पर हुई ठगी की जानकारी
- पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कैंट थाने में आरोपी पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**राहत** लंबे समय से रसोई का बजट बिगाड़ रही अरहर में 23 से लेकर 30 रुपये प्रति किलो तक का आया अंतर

# आसमान से उतरने लगे अरहर दाल के भाव

- नई फसल बाजार में पहुंचना शुरू अरहर के दाम में बड़ी गिरावट
- कर्नाटक की फसल के बाद अगले माह महाराष्ट्र, फिर मध्य प्रदेश व यूपी की बाजार में आने को तैयार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई फसल की आवक के साथ ही आसमान पर चढ़ी अरहर दाल का भाव धीरे-धीरे जमीन पर आना शुरू हो गया है। अरहर दाल की कीमतों पर इसका असर साफ दिखने लगा है।

करीब तीन माह पहले फुटकर मंडी में 175 रुपये और थोक मंडी में 163 रुपये प्रति किलो का आंकड़ा छू चुकी इस प्रोटीन की कीमत में अब थोक में तकरीबन 23 रुपये और फुटकर में 30 रुपये किलो की कमी आई है। व्यापारी मान रहे हैं कि अलग-अलग राज्य की फसलों का निकलना शुरू हो गया है। अप्रैल तक बाजार में लगातार नई फसल की आमद रहेगी। कर्नाटक की अरहर बाजार में दस्तक दे चुकी है।



"अरहर दाल फुटकर बाजार में 175 से घटकर 145 रुपये के आसपास आ गई है। फुटकर बाजार में 30 रुपये किलो का अंतर आया है। यही अंतर छोला चना के भाव में है। चावल की कीमत में भी 10 रुपये किलो की कमी आई है।

–रचित सिंघल, फुटकर व्यापारी सिटी स्टेशन रकाबगंज

| फुटकर मार्केट | अक्टूबर माह (रु. प्रति किलो) |
|---|---|
| अरहर दाल पुखराज ब्रांड | 175 –145 |
| सूरजमुखी | 164–142 |
| डायमंड | 135 –118 |
| माधुरी | 120 –110 |
| हरी उड़द दाल | 135 –120 |
| काली उड़द दाल | 96 –110 |
| चना दाल | 85– 70 |

"कर्नाटक की फसल बाजार में आने लगी है। करीब महीने भर तक यह फसल अरहर के भाव पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगी। इसके तत्काल बाद महाराष्ट्र, फिर मध्य प्रदेश और अप्रैल तक उत्तर प्रदेश की नई फसल बाजार को भर देगी। इससे भाव नीचे ही रहने की उम्मीद है। पिछली बार असमय हुई बरसात से फसल चौपट हो गई थी। इससे दाल काफी महंगी रही। म्यामांर, रंगून से भी अरहर के इंपोर्ट में बाधा बनी रही।

–भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष लखनऊ दाल मिलर्स एसोसिएशन

"लंबे समय से अरहर दाल की कीमतों में उछाल बना हुआ था। करीब 163 रुपये प्रति किलो की बिक्री थोक मंडी से हुई, लेकिन नई फसल आने से बीते कुछ दिनों में रिकॉर्ड बना रही दाल का भाव घटना शुरू हो गया है। मौजूदा वक्त में 140 रुपये के इर्द-गिर्द दाल के रेट आ गए हैं। यानी करीब 23 रुपये किलो का थोक बाजार में अंतर आया है। आगे भी अन्य राज्यों की फसलें आने वाली हैं। ऐसे में दाल का भाव चढ़ने के आसार कम ही हैं।

–राजेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उप्र. उद्योग व्यापार मंडल एवं आढ़ती पांडेयगंज थोक मार्केट

## गृहस्वामी की हिम्मत के चलते भागे बदमाश

**अमृत विचार,गोसाईगंज :** गोसाईगंज क्षेत्र में सुल्तानपुर मार्ग के किनारे शेखनापुर गांव के पास प्रताप वर्मा के मकान में बीती रात पांच बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने उनको दबोच कर हाथ बांध दिए और जेवर और रुपयों की जानकारी लेना शुरू कर दिया। वह हाथ खोल कर शोर मचाया तो लड़का भी जाग गया और पड़ोस के लोग भी जाग गए। लड़के ने कहा कि पापा पुलिस को सूचना दे दी है। इतना सुनते ही बदमाशो ने प्रताप वर्मा को घर के बगल से गुजरी माइनर में उठा कर फेक दिया और उसका फोन लेकर शेखनापुर गांव की तरफ भाग निकले। पड़ोस के लोगों ने उनको नहर से बाहर निकाला।

## एक नजर

### भाषा विवि में बीटेक परीक्षाओं का परिणाम जारी

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल ही में सम्पन्न हुई बीटेक सप्तम सेमेस्टर की परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। सत्र 2023-24 की परीक्षाओं के परिणाम में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग, बीटेक कंप्यूटर सांइस एंड इंजिनियरिंग, बीटेक सिविल इंजिनियरिंग, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के परीक्षा परिणाम भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in/results/ पर जाकर देख सकते हैं।

### अंतर छात्रावास प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के दिशा निर्देशन में चल रहे अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव के 5वें दिन की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ हुई। शनिवार को इनडोर गेम प्रतियोगिताओ में छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग खेलो का आयोजन नवीन परिसर जानकीपुरम में किया गया। द्वितीय परिसर प्रभारी प्रो. बीडी सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर संगीता साहू ने फीता काट कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। डॉ. बीआर अम्बेडकर हॉल में शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। महिला वर्ग में बीरबल साहनी हॉल ने जीत दर्ज की और पुरुष वर्ग में हबीबुल्ला हॉल विजयी रहा। वहीं कैरम में सीएसए हॉल (महिला वर्ग) विजयी रही और हबीबुला हॉल ने पुरुष वर्ग में जीत प्राप्त की। महमूदाबाद हॉल डबल्स और सुभाष हॉल लड़कों की श्रेणी में विजयी रहा और लड़कियों की श्रेणी में सिंगल और डबल्स दोनों में ही नेवीदिता हॉल विजयी रहा। प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह और डीन छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू की देखरेख और मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# कोर्ट के आदेश के बिना पैमाइश मामलों को निस्तारण नहीं

## पैमाइश के लिए जल्द जारी की जाएगी एसओपी, लेखपाल करेंगे पालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बीकेटी तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम सूर्यपाल गंगवार।

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बिना पैमाइश (धारा 24) से संबंधित मामलों का निस्तारण नहीं किया जाएगा। पैमाइश केवल कोर्ट के आदेश पर होगी। संपूर्ण समाधान दिवस पर पांचों तहसील में कुल 615 प्रकरण आए और 105 निस्तारित किए गए।

डीएम ने लेखपालों और कानूनगो से कहा कि पैमाइश (धारा 24) के प्रकरण समाधान दिवस में या जनसुनवाई में प्राप्त हो उनका निस्तारण बिना कोर्ट के आदेश के नहीं होगा। प्रक्रियाओं को लेकर शीघ्र एसओपी जारी की की जाएगी। साथ ही धारा 24 के कोर्ट के आदेश के अनुपालन के लिए यदि कही पर विवाद को आशंका हो तो इसकी सूचना थाने पर देकर सहयोग लिया जाएगा। देते हुए सहयोग लिया जाए।

**▸▸ समाधान दिवस में 615 प्रकरण आए, 105 का हुआ निस्तारण**

दूसरी ओर बक्शी का तालाब तहसील में डीएम के समक्ष कुल 191 प्रकरण आए और 68 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में 37 में 09, मलिहाबाद में 82 में 07, तहसील बीकेटी में 191 में 68, तहसील मोहनलालगंज में 189 में 13 और तहसील सरोजनीनगर में 116 में 08 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शनिवार को जिले में पुलिस 72, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त 07, राजस्व 352, विकास 36, शिक्षा 05, समाज कल्याण 21, चिकित्सा 01 और अन्य 121 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। इस दौरान सीडीओ अजय जैन, नगर मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी तहसील बीकेटी सतीश त्रिपाठी, तहसीलदार मोहनलालगंज विजय आदि मौजूद रहे।

### लेखपाल पर घूस लेने का आरोप

बीकेटी में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे पारा गांव निवासी मेराज अली का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल जगदीश वर्मा को घूस न देने के एवज में उन्होंने उनकी आय 60 हजार रुपये बना दी है, जोकि गलत है। इतना ही नहीं पारा गांव के ही नेपाल सिंह व मो.शब्बीर ने शिकायती पत्र देकर लेखपाल पर आय,जाति, निवास व वरासत में भी घूस लेने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी ने एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी को जांच करने का आदेश दिया है।



मोहनलालगंज तहसील में शिकायतकर्ताओं की फरियाद सुनते अधिकारी।

### एक कनेक्शन, आ रहे दो बिल

अमृत विचार, मोहनलालगंज : क्षेत्र में सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण का आदेश दिया। किसान रामलाल निवासी मंगटइया ने बताया कि उनके नाम घरेलू बिजली का एक कनेक्शन है। लेकिन करीब पांच साल से उन्हीं के नाम का दूसरा बिल आने लगा। इस पर रामलाल ने विभाग में शिकायत की लेकिन समस्या हल नहीं हुई। उन्होंने बताया कि दोनों बिल जमा कर रहा हूं। एसडीएम ने मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।



समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : तहसील कार्यालय में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बदाली खेड़ा स्थित जागृति नगर निवासी शेषा देवी ने जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। आरोप है कि मोहम्मद सिद्दीकी ने उस जमीन पर कब्जा कर लिया है। एसडीम सचिन वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 116 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से राजस्व विभाग की सिर्फ 8 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

# शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (वीबीयूएसएस) के सहयोग से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में शनिवार को एक बैठक बुलाई गई। आगामी राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में 15-17 फरवरी को होने वाले इस शिखर सम्मेलन में उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रसिद्ध नेता भाग लेंगे। डॉ. रजनी रंजन ने इस बैठक का नेतृत्व किया।

बैठक के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति और विश्वविद्यालय संकाय के साथ-साथ वीबीयूएसएस सदस्यों की उपस्थिति में शिखर सम्मेलन के विकास पर चर्चा की गई। वीबीयूएसएस के डॉ. सुभाष ने शिखर सम्मेलन के लिए गठित विभिन्न समूहों का परिचय दिया। जबकि प्रो. राकेश द्विवेदी ने आयोजन समिति, कार्यक्रम समन्वय, मंच प्रबंधन समिति, मंच सजावट समिति की रूपरेखा तैयार की।

**▸▸ 400 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले ही कराया ऑनलाइन पंजीकरण**

शिखर सम्मेलन में कुल पांच समूह संरचित हैं। समूह एक में आयोजन समिति के सदस्य शामिल हैं, समूह दो का नेतृत्व यूबीयूएसएस से डॉ. सशक्त सिंह करेंगे और समूह तीन समितियां वीबीयूएसएस से डॉ. मंजुल त्रिवेदी के नेतृत्व में होंगी। वीबीयूएसएस राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. केएन रघुनंदन ने शिखर सम्मेलन के लिए लविवि की त्वरित तैयारियों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिखर सम्मेलन का ध्यान एनईपी 2020 पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने के कारण शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कला संकाय प्रांगण विश्वविद्यालय के मैदान में होगा। अब तक 400 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है।

शिखर सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं के साथ समानांतर व्याख्यान सत्रों के साथ विभिन्न सत्र होंगे। एनईपी 2020 में सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने के लिए लखनऊ घोषणा को क्रियान्वित करने की योजना है।

# लविवि के 7 छात्रों का विप्रो कंपनी में हुआ प्लेसमेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पलक तिवारी

**▸▸ कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के पद पर 3 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ चयन**



मानस खरे



साक्षी साकेत



शुभम सिंह



नूपुर पाल



वैभव शर्मा



अभिराज सिंह

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय व तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में सात छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट विप्रो कंपनी में हुआ। चयनित छात्रों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बधाई दी।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि विप्रो कंपनी के प्रथम चरण के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए के तीन छात्रों (पलक तिवारी, मानस खरे एवं साक्षी साकेत), बीकॉम के तीन छात्रों (अभिराज सिंह, नूपुर पाल व शुभम सिंह) एवं एमए के छात्र वैभव शर्मा का चयन कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव के पद पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। दूसरे चरण की प्लेसमेंट ड्राइव फरवरी के आखिरी सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

### पीजीटी के पद पर दो शोध छात्रों का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी (प्रवक्ता) के पद पर भूगोल विभाग के दो शोध छात्रों का चयन हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के दो शोध छात्र संत विजय यादव और आकाश सिंह का चयन बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी (प्रवक्ता) के पद पर हुआ है। सन्त विजय यादव जनपद आजमगढ़ में संपोषणीय ग्रामीण विकास में स्थानीय संसाधनों की भूमिका एक अध्ययन और आकाश सिंह जनपद मऊ में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं ग्रामीण विकास एक भौगोलिक अध्ययन विषय पर शोध कर रहे थे।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मै रामू पुत्र ब्रजलाल निवासी ग्राम हरिगवा मजरा कोईली पोस्ट पीपरगाँव ब्लाक भरावन परगना गोड़वा तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरे दो पुत्र व एक पुत्री है मेरा बड़ा पुत्र विवेक कुमार आयु 23 वर्ष के व्यवहार व चाल चलन से काफी परेशान हूं आये-दिन परिवार को परेशान करता रहता है अपने बड़े बेटे विवेक कुमार के व्यवहार से तंग आकर अपनी समस्त चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हू उसके द्वारा किए गए कृत्यो से मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। – **रामू पुत्र ब्रजलाल निवासी ग्राम हरिगवाँ मजरा कोईली पोस्ट पीपरगाँव ब्लॉक भरावन परगना गोड़वा तहसील सण्डीला जिला हरदोई**

**सूचना**

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि ईदू उर्फ शफीक मेरा लड़का है लेकिन उसके चाल चलन ठीक नहीं हैं और मेरी कोई भी बात नहीं मानता है मुझे काफी यातनाएं देता है इसलिए ईदू उर्फ शफीक को मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है यदि वह कोई भी सही या गलत कार्य करता है तो वह उसका स्वय जिम्मेदार होगा अब उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।– **मोहम्मद अयूब पुत्र स्वर्गीय फकीरे, निवासी– ग्राम धनसरी, थाना– जरवलरोड, तहसील कैसरगंज, जिला– बहराइच**


## सार-संक्षेप



प्रेस क्लब में सरल केयर पर्यावरण कैलेन्डर का विमोचन करते लोग। अमृत विचार

### पर्यावरण की रक्षा का संदेश देगा कैलेंडर

अमृत विचार, लखनऊ : सरल केयर फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पर्यावरण कैलेंडर का शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में लोकार्पण किया गया। बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन आनंद शेखर सिंह, यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिवशरण सिंह, सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह एडवोकेट, पर्यावरणविद राजेश राय, बीजेपी नेता श्वेता सिंह समेत अन्य ने किया। रीता सिंह ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से हर साल पर्यावरण कैलेंडर का प्रकाशन किया जाता है। इस कैलेंडर की खास बात यह है कि इसमें छुट्टियों की जगह हर महीने पड़ने वाले पर्यावरण से संबंधित दिनों के बारे में प्रमुखता से लिखा जाता है, ताकि लोगों को पर्यावरण से जुड़े दिनों के बारे में जागरूकता रहे। शिवशरण सिंह ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज का सबसे ज्यादा प्रभाव हमारी खेती पर पड़ता है।

### तीन दिवसीय इंटर-कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंटर-कॉलेजिएट उत्सव आद्याश्री शनिवार से शुरू हुआ। महिला अध्ययन संस्थान की संयोजक और निदेशक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के बारे में और संस्थान द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों एवं विरासत के बारे में छात्रों, शिक्षकों और मेहमानों को संबोधित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कला संकायाध्यक्ष एवं प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो.मधुरिमा लाल एवं गृह विज्ञान विभाग की प्रो.मीरा सिंह की पावन उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन हुआ। कार्यक्रम में पूरे लखनऊ के कॉलेजों के साथ-साथ कैंपस के छात्रों ने भी भाग लिया। महिला अध्ययन संस्थान के शैक्षिक और रचनात्मक कार्यक्रम के दौरान कई प्रतियोगिताएं हुईं।

### महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव का आयोजन 6 को

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में हीरो मोटोकार्प लि. हरिद्वार द्वारा 6 फरवरी को महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने दी। एमए खां ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग के लिए महिला अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता आईटीआई वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 में फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिष्ट, मोटर मैकेनिक डीजल, मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक एवं इलेक्ट्रीशियन से उत्तीर्ण किया हो वे ही प्रतिभाग कर सकते हैं और जिसके लिए ज्वाईनिंग के समय आयुसीमा 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 6 फरवरी को अपने बायोडाटा के साथ प्रातः 9 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज परिसर में उपस्थित हो सकते हैं।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले एसकेडी के विद्यार्थी। अमृत विचार

### पेपर क्राफ्ट से पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : एसकेडी में शनिवार को सैटरडे एक्टिविटी के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक और पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्री प्राइमरी कक्षाओं में बच्चों ने कला और शिल्प से जुड़ी पेपर क्राफ्ट गतिविधि में भाग लिया। कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के लिए फूड टून गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने फलों और सब्जियों का प्रयोग करके अपने शिक्षकों की सहायता से विभिन्न जानवरों की प्रतिकृति बनायीं। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने 3 आर : रिडियूज, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांतों पर आधारित डेकोरेशन का सामान बनाने की गतिविधि में पुराने कपड़ों, बोतलों, और अन्य सामग्री का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के सजावटी सामान बनाए। इस अवसर पर एस के डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह, उप निदेशक निशा सिंह, सह निदेशक कुसुम बत्रा की उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# दानदाता समारोह में गूंजी रानी लक्ष्मीबाई की दास्तान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत लोक शिक्षा परिषद के लखनऊ चैप्टर ने गोमतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में शनिवार को दानदाता सम्मान समारोह आयोजित किया। इस आयोजन में हिमांशु वाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा ने अपनी किस्सागोई में रानी लक्ष्मी बाई की शक्ति गाथा सुनाई तो लोग भाव विभोर हो गए।

किस्सागोई की शुरुआत रानी लक्ष्मी बाई के बचपन से हुई। 13 साल की मनु से लेकर उनके लक्ष्मीबाई बनने तक की कहानी बयान हुई। 23 मार्च 1858 को अंग्रेज कमांडर जनरल हम्मरोज ने झांसी पर हमला कर दिया। रानी को किले से सुरक्षित निकालने के लिए झलकारी बाई ने अपना बलिदान दे दिया। रानी बहादुरी से लड़ते हुए घायल हो जाती है और उनकी मृत्यु हो जाती हैं। उन्होंने अपने साथियों से अनुरोध किया था कि उनका शरीर अंग्रेज स्पर्श न कर पाएं।

**▸▸ समारोह में सुनाए गए रानी लक्ष्मीबाई के किस्से**


दानदाता सम्मान समारोह में भारत भूषण गुप्ता, गिरजा शंकर अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, जय अग्रवाल, सुमेर अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, बृजेंद्र अग्रवाल, जयराम जालान, रवीश कुमार अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, डॉ. भारतेंदु अग्रवाल, अनूप अग्रवाल और राम शंकर वर्मा का प्रमुख रूप से सम्मान किया गया।

समारोह में विधायक डॉ. नीरज बोरा, एकल अभियान के राष्ट्रीय मंत्री मानवेंद्र, नीरज रायजादा, राष्ट्रीय अध्यक्ष जीडी गोयल, ट्रस्टी उमा शंकर हलवासिया, आशीष अग्रवाल, भूपेंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, नीलम रानी अग्रवाल, बिंदु बोरा और अंजना अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट गरीबों को दिलाएगा विश्वकर्मा योजना का लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंजीकृत जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय में शनिवार को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विश्वकर्मा योजना को लेकर एक बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि योजना का लाभ सभी गरीब और मजदूर लोगों को मिल सके और अधिक लोगों का आवेदन कराया जा सके।

इस योजना के तहत जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट जागरूकता अभियान चलाकर सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने का प्रयास करेगा ताकि सरकार की योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके। बैठक में जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी ने प्रतिभाग किया।



भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डायरेक्टर डॉ. अजित कुमार शासनी व अन्य।

# 25वीं इंडो-यूएस फ्लो साइटोमेट्री कार्यशाला का किया गया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को ट्रस्ट फॉर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन साइटोमेट्री (टीईटीसी) एवं विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग और फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'फ्लो साइटोमेट्री और जीव विज्ञान में इसके अनुप्रयोग' विषय पर दो दिवसीय 25वीं इंडो-यूएस फ्लो साइटोमेट्री कार्यशाला का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि सीएसआईआर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान डायरेक्टर डॉ. अजित कुमार शासनी मौजूद रहे। कुलपति ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशाला विद्यार्थी जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस तरह की कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध से संबंधित जागरूकता पैदा करना, गुणवत्ता अनुसंधान करना, विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों और प्रक्रियाओं की समझ एवं आलोचनात्मक सोच को विकसित करना है। जिसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में देखने को मिलते हैं।

**▸▸ साइटोमेट्री जीवविज्ञान के क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि : डॉ. अजित**

डॉ. अजित कुमार शासनी ने कहा कि फ्लो साइटोमेट्री जीवविज्ञान के क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसका प्रयोग कोशिकाओं या कणों की विशेषताओं का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा किसी व्यक्ति के चिकित्सा इतिहास और अन्य संकेतों और लक्षणों के साथ फ्लो साइटोमेट्री के परिणामों का उपयोग किया जाता है।


सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा



सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष

सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पति अवश्य मिलें

प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक

सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।

राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891

हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

**बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**

मैनपुर नवाबगंज गोण्डा (उ.प्र.)

**आवश्यकता है स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत**

प्राचार्य – 01 पद।

परास्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु – प्राचीन इतिहास, भूगोल विषयों में प्रवक्ता 01–01 पद।

स्नातक स्तर पर कृषि संकाय हेतु– प्रवक्ता 4 पद।

योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। नियुक्ति संविदा पर होगी, यू.जी.सी.नेट को वरीयता दी जायेगी।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

सत्य प्रकाश तिवारी – प्रबंधक, मो0: 9721655000, 9628551000

**लखनऊ नगर निगम**

मार्ग प्रकाश विभाग

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.) ई–मेल : nnlko@up.nic.in

निविदा सं. : D-178/CE(E/M) दिनांक : 03.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मार्ग प्रकाश विभाग नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्न तालिका में अंकित कार्य हेतु निदेशालय विद्युत सुरक्षा उ.प्र. के कार्यालय से विद्युत कार्यों के लिए निर्गत 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक 13.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं नगर निगम, लखनऊ के मुख्यालय में अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष एवं मुख्य अभियन्ता (वि./यॉ.) केन्द्रीय कार्यशाला एवं आर.आर. विभाग, एल्डिको ग्रीन, गोमती नगर लखनऊ के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक सायंकाल 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। जिससे सम्बन्धित निविदा प्रपत्र दिनांक 12.02.2024 को सायंकाल 3:00 बजे तक 3-त्रिलोकनाथ मार्ग लालबाग स्थित नगर निगम लखनऊ मुख्यालय में फार्मकीपर से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित शर्तें एवं आवश्यक प्रपत्रों का विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित होगी तथा जिसकी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रश्नगत कार्यों की जमानत की धनराशि, कार्याविधि निविदा मूल्य इत्यादि का विवरण निम्नवत् तालिका में अंकित है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणक की धनराशि | जमानत की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड प्राथमिकता विकास निधि के अन्तर्गत जोन-03 के डालीगंज-निरालानगर वार्ड के अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर सेमीहाईमास्ट एवं फिटिंगों इत्यादि लगाकर मार्गीय प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 798047.00 | 16000.00 | 800.00 | 144.00 | 944.00 |
| 2. | वार्ड प्राथमिकता विकास निधि के अन्तर्गत जोन-03 के जानकीपुरम-द्वितीय वार्ड के विभिन्न स्थलों पर सेमीहाईमास्ट एवं फिटिंगों इत्यादि लगाकर मार्गीय प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 989588.00 | 20000.00 | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 |
| 3. | वार्ड प्राथमिकता विकास निधि के अन्तर्गत जोन-03 के जानकीपुरम-तृतीय वार्ड के विभिन्न स्थलों पर सेमीहाईमास्ट एवं फिटिंगों इत्यादि लगाकर मार्गीय प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 989943.00 | 20000.00 | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 |
| 4. | वार्ड प्राथमिकता विकास निधि के अन्तर्गत जोन-03 के विवेकानंदपुरी वार्ड के विभिन्न स्थलों पर सेमीहाईमास्ट एवं फिटिंगों इत्यादि लगाकर मार्गीय प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 967069.00 | 20000.00 | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 |
| 5. | वार्ड प्राथमिकता विकास निधि के अन्तर्गत जोन-06 के न्यू हैदरगंज-प्रथम वार्ड के अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर पोल लगाकर मार्गीय प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 189057.00 | 4000.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 |

मुख्य अभियन्ता (वि./यॉ.)

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन :** लखनऊ–पू०उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं० :** LJN- MISC-05-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि :** 02–02–2024 समय 17:13 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) :** 20–02–2024 समयः 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय :** 20–02–2024 समयः 14:00 बजे,, **नीलामी का प्रकार :** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/वा०- 261

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**आवश्यकता है**

महावीर प्रसाद मायावती महाविद्यालय

दौलतयारपुर माधौगंज हरदोई

मे प्राचार्य 01 पद

योग्यता व वेतन यूजीसी के मानक के अनुसार।

आवेदन :–

mpm1297@gmail.com, 9450141141 पर भेजे।

प्रबन्धक :– अनूप कुमार सिंह

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-ऑक्शन सूचना दिनांक 01.02.2024

सं.- इज्जत0/सी/ई-ऑक्शन/2023/11

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एन.एफ.आर. के अन्तर्गत कल्यानपुर स्थित एलसी गेट सं0 12AB/2t एवं 14C/2t पर यूनीपोल/गेन्ट्री के माध्यम से विज्ञापन हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-**श्रेणी:** एन.एफ.आर., **कैटलॉग सं0:** IZN-ADV-OOH-24, **एसेट विवरण:** इज्जतनगर मंडल के कल्यानपुर स्थित एलसी गेट सं0 12AB/2t एवं 14C/2t पर यूनीपोल/गेन्ट्री के माध्यम से प्रदर्शित करने हेतु।, **ऑक्शन प्रारम्भ:** 09.02.24, 12:00:00, **ऑक्शन समापन:** 09.02.24, 12:40:00, **नोट: 1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-आक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **5.** सभी संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर

मुजाधि/वाणिज्य-260

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## एक नजर

### एएमसी युद्ध स्मारक में वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ छावनी में स्थित एएमसी युद्ध स्मारक 'श्रद्धांजलि' में शनिवार को आयोजित समारोह में देश के लिए मर मिटने वाले वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। लेफ्टिनेंट जनरल व कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, कविता सहाय ने पुष्पांजलि अर्पित कर सेना चिकित्सा कोर के वीर सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इन वीर जवानों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस मौके पर एएमसी सेंटर और कॉलेज के अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) जवान और रंगरूट उपस्थित रहे।

### ट्रक की टक्कर से मजदूर की मौत, साथी घायल

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज क्षेत्र में मुंशीगंज के पास ट्रक ने सड़क किनार खड़े बाइक सवारों को टक्कर मार दी और खड़ी कार से टकरा गया। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। टंट का पुरवा गौरिया कला गोसाईंगंज के रहने वाले राम कुमार व गुड्डू प्रसाद देर रात मुंशीगंज में सड़क किनार खड़े थे तभी ट्रक ने उन दोनों को रौंद दिया, जिससे राम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुड्डू प्रसाद गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया।

# डायबिटीज से अन्य बीमारियों का खतरा

## जीवनशैली में सुधार कर खतरों से खुद को बचा सकते हैं लोग : ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी गंभीर बीमारी है। यह तेजी से बढ़ रही है। अनियंत्रित डायबिटीज से कई तरह की दूसरी गंभीर बीमारियां घेर सकती हैं। सतर्क रहकर जीवनशैली में सुधारकर डायबिटीज के खतरों से खुद को बचा सकते हैं। यह बातें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही।

वह अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) की कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डायबिटीज पर काबू पाने के जीवनशैली सुधारे। नियमित कसरत करें। संतुलित भोजन लें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में डायबिटीज मरीजों की जांच और इलाज की सुविधा है। कान्फ्रेंस में जो भी सिफारिशें आएंगी, सरकार उस पर अमल करेगी। नीति निर्धारण व बदलाव करेगी। इसका सीधा फायदा डायबिटीज मरीजों को मिलेगा।

कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुधारा जा रहा है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गिने-चुने मेडिकल कॉलेज थे। मौजूदा समय में सरकारी व प्राइवेट 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं।

16 जनपदों में जल्द ही नए मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी है। सभी मेडिकल कॉलेज अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध किए जा रहे हैं। पैरामेडिकल व नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं।

सभी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग व पैरामेडिकल कोर्स का संचालन किया जा रहा है। पैरामेडिकल कॉलेज की गुणवत्ता में सुधार किया जा रहा है। कॉलेजों की ग्रेडिंग कराई जा रही है। इस मौके पर एमएलसी अश्विनी निगम, केजीएमयू फॉर्माकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आमोद कुमार सचान, फिजियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. नरसिंह वर्मा, डॉ. अजय तिवारी व डॉ. अनुज माहेश्वरी मौजूद रहे।



अटल बिहारी साइंटिफिक कन्वेशन सेंटर में आरएसएसडीआई के सेमिनार में पुस्तक का विमोचन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक साथ में डॉ. अजय तिवारी, प्रो. अनुज महेश्वरी, प्रो. जलीस फातिमा व अन्य। अमृत विचार

### डायबिटीज मरीजों की आंख पर खतरा

डॉ. पूजा कनोडिया ने बताया कि बेकाबू डायबिटीज से आंखों की रोशनी तक जा सकती है। चिकित्सा विज्ञान में इसे डायबिटिक रेटिनोपैथी कहते है। इसमें आंखों को खून पहुंचाने वाली नसों में दिक्कत आ जाती है। नतीजतन मरीज की नजर कमजोर हो जाती है। इससे बचने के लिए डायबिटीज मरीज समय-समय पर आंखों की जांच कराएं।

# नहीं रहे प्रख्यात मूर्तिकार रमेश बिष्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई दिन से थे बीमार, गुड़गांव में हुआ निधन
- 21 जनवरी 1945 को हुआ था जन्म


रमेश बिष्ट

**अमृत विचार:** कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व छात्र और प्रख्यात मूर्तिकार रमेश बिष्ट का निधन हो गया है। 79 वर्षीय रमेश बिष्ट पिछले कई दिनों से बीमार थे। उनका निधन गुड़गांव में हुआ। उनके निधन की खबर उनके पुत्र पुलक ने दी।

लखनऊ के चित्रकार और कला लेखक भूपेन्द्र अस्थाना ने बताया कि रमेश बिष्ट ख्याति प्राप्त कलाकार पद्मश्री रणबीर सिंह बिष्ट के छोटे भाई थे। 21 जनवरी 1945 को गढ़वाल में उनका जन्म हुआ था। कला एवं शिल्प महाविद्यालय में शिक्षा लेने के लिए वह 1961 में आये तब से उनका जुड़ाव स्कल्पचर से हुआ। 2015 में उनकी किताब स्कल्प्टिंग इन स्पेस प्रकाशित हुई। इस किताब की खूब चर्चा हुई। वह दिल्ली स्कूल ऑफ आर्ट्स के मूर्तिकला विभाग में प्रवक्ता रहे और यहीं से विभागाध्यक्ष पद से 2005 में सेवानिवृत्त हुए। तब से गुड़गांव में रह रहे थे। रमेश बिष्ट को मूर्तिकला के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उनकी गणना समकालीन भारतीय मूर्तिकारों में होती है। वह बेहद जिंदादिल और जोशीले कलाकार थे। उनकी कृतियों को पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर, ललित कला अकादमी, राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी नई दिल्ली, साहित्य कला परिषद नई दिल्ली, चित्रकला परिषद बंगलौर और पंजाब विश्वविद्यालय में रखा गया है।

# सेप्सिस से 30 लाख लोगों की प्रति वर्ष हो रही मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन की लखनऊ शाखा ने शनिवार को सेप्सिस बीमारी को लेकर आईएमए हाल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित कराया। आईएससीसीएम के अध्यक्ष डॉ. तन्मय घटक ने बताया कि खुद व कई बार अप्रशिक्षित के परामर्श पर अनावश्यक रूप से एंटीबॉयोटिक दवाओं का सेवन घातक हो सकता है। देश में प्रति वर्ष सेप्सिस बीमारी से 30 लाख लोगों की मौत हो रही है। डॉ.आरके सिंह ने बताया कि सेप्सिस किसी संक्रमण के प्रति शरीर की एक अतिरंजित व्यवस्थित प्रतिक्रिया है और तीव्र जीवन-घातक अंग विफलता, जो संभावित रूप से प्रतिवर्ती है, सेप्सिस की पहचान है और यदि शीघ्र निदान किया जाए तो इसका आसानी से इलाज किया जा सकता है। इस मौके पर डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. पीके दास, डॉ. हैदर अब्बास, डॉ. यश जावेरी ने भी जागरूक किया।

### रमेश चन्द्र हाईकोर्ट के संयुक्त निबंधक बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानिबंधक उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, लखनऊ खंडपीठ के उप निबंधक रमेश चन्द्र को संयुक्त निबंधक के पद पर पदोन्नति दी गई है। इसी प्रकार पदोन्नति देकर संजीव जौहरी, उप निबंधक सह न्यायपीठ सचिव, कंचन दीक्षित व एमपी सिंह उप निबंधक और हिमांशु राजी अनुभाग अधिकारी बनाए गए हैं। उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव संजीव कुमार यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रज्ञा शुक्ला व महेश चन्द्र कार्यकारिणी सदस्य आकांक्षा तिवारी, गिरिजा शंकर आदि ने पदोन्नति पाए अधिकारियों को बधाई दी है।


अटल आवासीय विद्यालय के छात्रों के साथ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

# विद्यालय-परिवार का नाम रोशन करेंगे होनहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले 122 विद्यार्थियों को मंडलायुक्त ने किया पुरस्कृत

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड/सांस्कृतिक कार्यक्रम में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले अटल आवासीय विद्यालय सिठौली कलां के विद्यार्थियों को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने पुरस्कृत किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि विद्यालय के छात्रों ने परेड/सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन किया है। यह विद्यार्थी भविष्य में विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करेंगे। कहा कि सभी विद्यार्थी जीवन का लक्ष्य तय कर ईमानदारी के साथ मेहनत करें। इन्हीं विद्यार्थियों में से कुछ उच्च अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर आदि बनेंगें। मंडलायुक्त ने तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 122 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और एजुकेशनल किट दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह ने कहा कि मंडलायुक्त ने चौथी बार आकर विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया है। उन्होंने बच्चों की प्रगति, शारीरिक और मानसिक विकास के संबंध में मंडलायुक्त को जानकारी दी। इस दौरान शिवनारायण सहायक श्रमायुक्त, आनंद तिवारी तहसीलदार मोहनलालगंज, कैप्टन राजेश कुमार, डॉ. रमेश चंद्र बघेल, रीता सक्सेना, अनिल कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# गुरु मां आशुतोषाम्बरी के शरीर का स्वास्थ्य टीम ने किया परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुरु मां ने 28 जनवरी को ली थी समाधि
- शरीर को सुरक्षित रखने के लिए भक्तों ने ली कोर्ट की शरण

**अमृत विचार :** समाधि लेने वाली आनंद आश्रम की गुरु मां आशुतोषाम्बरी के शरीर की जांच करने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम आश्रम पहुंची। टीम ने समाधिस्थ हुई गुरु मां की जांच किया। जांच दौरान टीम ने ईसीजी-पल्स व बीपी शून्य होने की रिपोर्ट दी। हालांकि टीम ने सीएमओ को पत्र भेजकर हायर सेंटर से ब्रेन की जांच कराने की संस्तुति की है।

सीतापुर रोड छठा मील स्थित आनंद आश्रम की गुरु मां आशुतोषाम्बरी 28 जनवरी को समाधि ली थी। उनके शरीर को सुरक्षित रखने के लिए भक्तों ने कोर्ट की शरण ली है। भक्तों का कहना है कि 10 वर्ष पूर्व समाधि ले चुके संत आशुतोष महाराज को जगाने के लिए गुरु मां ने समाधि ली है। वह इसी शरीर में वापस लौटेंगी। भक्तों का कहना है कि समाधिस्थ होने से दो माह पूर्व ही गुरु मां ने अन्न, जल त्याग दिया था। इससे वे काफी कमजोर हो गई थीं। समाधि में जाने से पहले उन्होंने शरीर की देखरेख के लिए जो तरीका और लेप का इस्तेमाल करने की जानकारी दी थी, सभी शिष्य बाबा आशुतोषाम्बर महाराज के निर्देशन में उसका पालन कर रहे हैं। शनिवार को सीएमओ के निर्देश पर बीकेटी-इंटौजा सीएचसी से टीम स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची। टीम ने पल्स बीपी की जांच किया तो वह शून्य आया। वहीं ईसीजी रिपोर्ट भी स्टेट आई थी। ऐसी रिपोर्ट मरीज के मौत बाद आती है। टीम में बीकेटी सीएचसी से डॉ. आनंद, फार्मासिस्ट सतेंद्र, स्टॉफ नर्स विष्णु पति पाल सिंह, इंटौजा ईसीजी टेक्नीशियन आलोक शर्मा शामिल रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट सीएमओ को भेज दी गई है। ब्रेन की ईईजी जांच के लिए हायर सेंटर से कराने की संस्तुति किया है।

# छात्रवृत्ति के लिए मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रवृत्ति योजना का लाभ अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राएं मार्च तक उठा सकते हैं। अभी तक 25 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर चुके हैं। छात्रवृत्ति के लिए इस बार नवंबर से आवेदन शुरू हुए थे। आवेदन करने के लिए सभी वर्ग के छात्रों के लिए पोर्टल खोल दिया गया था। आवेदन करने से कोई पात्र छात्र वंचित न रह जाए इसलिए जनवरी में दो बार तिथि भी बढ़ाई गई। सामान्य वर्ग में पूर्व दशम के लिए 1 लाख 59 हजार और दशमोत्तर में 7 लाख 87 हजार ने, जबकि अनुसूचित जाति में पूर्व दशम के तहत 4 लाख 7 हजार और दशमोत्तर में 10 लाख 91 हजार ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति के छात्र 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को फार्म भरकर कॉलेज से सत्यापन कराकर आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब सत्यापन का काम शुरू होगा। आधार कार्ड से आवेदनकर्ताओं का सत्यापन किया जाएगा।



दीवार पर कमल का फूल बनाते भाजपा नेता नीरज सिंह। अमृत विचार

# कमल का फूल बनाकर लिखा एक बार फिर मोदी सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शंकर पूर्वा वार्ड में चलाया गया दीवार लेखन अभियान

**अमृत विचार :** भाजपा नेता नीरज सिंह ने शंकर पूर्वा वार्ड में दीवार लेखन अभियान के तहत पार्टी का चुनाव चिह्न कमल का फूल बनाया और लिखा कि एक बार फिर से मोदी सरकार।

उन्होंने कहा कि 2024 में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनवाएं। जिससे देश में स्थिरता के साथ विकास हो। देश में समावेश, सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के आधार पर कार्य करते हुए देश को विकसित भारत बनाना है। इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मंडल अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह, पार्षद उमेश सानवाल, चेतन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# इलाज और जीने की इच्छा शक्ति से कैंसर को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**विश्व कैंसर दिवस**

- कैंसर मरीजों ने साझा किए अनुभव
- दवा और जीवनशैली में बदलाव कर किया मुकाबला

**अमृत विचार :** कैंसर का नाम सुनते ही रूह कांप जाती है। समाज के लोग ऐसे मरीजों का उत्साहवर्धन करने के बजाय उनको निराश करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। जबकि चिकित्सकों का कहना है कि जीने की दृढ़ इच्छा शक्ति से इसे हराया जा सकता है।

शहर में कुछ ऐसे भी मरीज हैं जिन्होंने कैंसर को मात देकर सुखद जीवन का आनंद ले रहे हैं। उनका कहना है कि जिंदगी चलने का नाम है और यह तभी संभव है जब जिंदगी में जिंदादिली हो। फिर चाहे दुख कितना ही बड़ा क्यों न हो लोग दृढ़ इच्छाशक्ति से उस पर काबू पा लेते हैं। आज विश्व कैंसर दिवस पर हम ऐसे ही कैंसर मरीजों की बात कर कर रहे हैं जिन्होंने इस जानलेवा बीमारी को हराकर खुद को खड़ा किया।

### जीवनशैली में बदलाव कर किया मुकाबला : ब्रह्मपाल



केजीएमयू के रेडियोथेरेपी विभाग में काम करने वाले ब्रह्मपाल (45) को ब्रेन ट्यूमर था। ब्रह्मपाल बताते हैं कि जांच के बाद जब उन्हें इस बीमारी की जानकारी हुई तो वह पहले तो काफी डर गए। लेकिन परिवार की जिम्मेदारी होने पर जीने की दृढ़ इच्छा बनाई। डॉक्टरो द्वारा बताई बातों का पालन किया। इलाज के साथ जीवनशैली में बदलाव किया। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। वहीं, संस्थान में आने वाले कैंसर के मरीजों का हौसला बढ़ा रहे हैं।

### सिर्फ लोहिया में सुविधा

वैक्सिनेशन की सुविधा शहर में सिर्फ लोहिया संस्थान में है वो भी सरकार से वैक्सीन मिलने पर साल में दो बार ही कैंप लगता है। वहीं, प्राइवेट वैक्सिनेशन 1200 से 1400 रुपये की डोज है।

### कैंसर से डरना नहीं, लड़ना जरूरी : विनोद प्रकाश



मड़ियांव निवासी विनोद प्रकाश तिवारी (50) बताते हैं कि बीते दिनों उन्हें दांतो में दिक्कत हुई। डॉक्टर को दिखाने पर कैंसर की आशंका पर जांच कराई गई। कैंसर की पुष्टि होने पर वह डर गए। लेकिन उन्होंने समाज मे किसी से इस बात का जिक्र करने के बजाय डॉक्टर से ही मशवरा लेकर ऑपरेशन करा लिया। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। विनोद बताते हैं कि कैंसर को लेकर लोगों की धारणा बहुत गलत है। जबकि इससे डरने के बजाय लड़ने की जरूरत है।

### खुद को किया प्रेरित : कथा वाचक यदाश्री



केजीएमयू परिसर में स्थित संकट मोचन आरोग्य मंदिर में कथा वाचन करने वाली यदाश्री उर्फ सीमा यादव बताती हैं कि वर्ष 2019-20 में उन्हें स्तन कैंसर हुआ था। गोरखपुर के कैंसर अस्पताल में जांच के बाद इसकी पुष्टि होने पर पति ने पहले तो उनसे छिपाया। दोबारा अस्पताल जाने पर उन्हें जानकारी हुई। वहां से उन्हें केजीएमयू रेफर कर दिया गया। यहां नौ बार कीमो और 25 से अधिक बार रेडियोथेरेपी हुई। इलाज के दौरान काफी तकलीफ हुई। इसके बाद उन्होंने जीने की दृढ़ इच्छा बनाई। हर समय खुश रहने लगी। चिकित्सकों के प्रयास से उन्होंने कैंसर को मात दे दी।

## एक कोशिश ऐसी भी



पराकाष्ठा फाउंडेशन कैंसर के ऐसे मरीजों का इलाज करवा रहा है जो आर्थिक तौर पर कमजोर है। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। फाउंडेशन के सीनियर सदस्य प्रशांत दुबे ने बताया कि फाउंडेशन के सदस्य पूरे देश में काम कर रहे हैं। अब तक बड़ी संख्या में मरीजों की आर्थिक मदद देकर इलाज करवाया है। साथ ही सरकार की तरफ से मिलने वाली मदद भी दिलाने में सहायता की जाती है। इसके अलावा स्कूलों में जाकर टीम बच्चों को जागरूक करती हैं। क्योंकि बच्चे आसानी से समझ जाते हैं और घर के सदस्यों को भी समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### मरीजों का हौसला भी बढ़ाते हैं : डॉ. सुधीर



केजीएमयू के रेडियोथेरेपी के प्रोफेसर डॉ. सुधीर सिंह कहते हैं कि उनके पास कई ऐसे मरीज उदाहरण वाले हैं, जिन्होंने अपनी इच्छा शक्ति से कैंसर को मात दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत कमलेश मिश्रा और मोती लाल को ब्रेन ट्यूमर था। इन मरीजों ने तीसरे और चौथे स्टेज पर भी हिम्मत नहीं हारी। अब यह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। मरीजों को बीमारी का जिक्र दूसरों से करने के बजाय अपने डॉक्टर से करना चाहिए। हर किसी के कहने पर इलाज करने के बजाय विशेषज्ञ से ही इलाज कराएं।

### जागरूकता से सर्विक्स कैंसर में आई कमी : प्रो. अंजू



क्वीनमेरी अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रो. अंजू अग्रवाल ने बताया कि जागरूकता के चलते कुछ सालों में सर्विक्स कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा) के केसों में कमी आई है। हालांकि ओवेरियन (अंडाशय) कैंसर के केस बढ़ गए। प्रो. अंजू बताती हैं कि दरअसल महिलाएं अपनी सेहत को लेकर इतना जागरूक नहीं हैं। इससे उन्हें कई तर्ज के कैंसर का सामना करना पड़ता है। जागरूकता अभियानों से ही केसों में कमी आएगी। इसके लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों को एकजुट होना पड़ेगा।

### मां की तरह सेवा कर दिलाई निजात : प्रो. अमिता पांडेय



क्वीनमेरी अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रो. अमिता पांडेय ने बताया कि वर्ष 2021 में एक युवती के बच्चेदानी से रक्तस्राव होने पर उसने संपर्क किया था। जांच करने पर पता चला कि उसे जेस्टेशनल ट्रोकोब्लास्टिक नियोप्लासिया (जीटीएन) है। यह बच्चेदानी का ट्यूमर होता है। युवती के शादी के महज चार महीने ही हुए थे। बीमारी का पता चलते ही पति ने उसे छोड़ दिया। मायके पक्ष की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। ऐसे में उन्होंने युवती का ख्याल एक मां की तरह रखा अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है।

## वैक्सीनेशन से सर्विकल कैंसर में आएगी कमी

महिलाओं को सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा) से बचाने के लिए वैक्सिनेशन महत्वपूर्ण है। हाल ही में आए बजट में भी इसका अलग से फंड मिला है। जल्द ही कैंप लगाकर वैक्सिनेशन कराया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि वैक्सिनेशन होने से केसों में कमी आएगी। सर्विकल कैंसर से बचाने वाली इस वैक्सीन को एचपीवी वैक्सीन कहा जाता है। यहां एचपीवी का मतलब ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है जिसे सर्विकल कैंसर के 95 फीसदी से ज्यादा मामलों के लिए जिम्मेदार माना जाता है।

केशलता अस्पताल
KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
- निःशुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
- कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

## एक नजर

### तत्कालीन मजिस्ट्रेट ने कर दिए थे लाइसेंस निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने में उपयोग किये गये असलहा मुख्य आरोपी सिराज अहमद के नाम थे। जिला प्रशासन ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी की है। इसमें बताया लाइसेंस नंबर 10722 हसनगंज से डीबीबीएल गन एक जून 1979 को जारी गई थी। जबकि लाइसेंस संख्या 12353 मलिहाबाद से एनपी बोर रायफल एक जुलाई 1980 को तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट ने जारी की थी। 25 अगस्त 1992 को तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट ने सिराज अहमद के दोनों लाइसेंस को निलंबित कर दिये थे। उसने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। तब 29 अप्रैल 1994 को तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को स्थगित कर शस्त्र बहाल कर दिये गये थे।

### ड्राइवर अशर्फी को भेजा गया जेल

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** तिहरे हत्याकांड में शुक्रवार को पुलिस ने लल्लन उर्फ सिराज के ड्राइवर अशर्फी को गिरफ्तार किया था। शनिवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया है। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया पुलिस की पांच टीमें समेत अन्य स्थानों पर निगरानी कर रही है। इसके अलावा पड़ोसी जनपद में पुलिस अधिकारियों से संपर्क करके संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जा रही है। हालांकि, इस घटना के बाद गांव मे सन्नाटा पसरा है। इस हत्याकांड को लेकर ग्रामीणों में काफी दहशत मची है। इस हत्या कांड के बाद ग्रामीण उस खौफनाक मंजर को नही भूल पा रहे है हर तरफ गब्बर का जिक्र है।

# हत्यारों का करें एनकाउंटर तब मिलेगी कलेजे को ठंडक

## मां-बेटे व चचेरे भाई का शव पहुंचते ही मची चीख पुकार, ईदगाह कब्रिस्तान में तीनों को किया गया सुपुर्द-खाक

**तिहरा हत्याकांड**

- घरेलू नौकर ने बयां की पूरी दास्तां

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

**अमृत विचार :** मलिहाबाद के मोहम्मदनगर गांव में शनिवार शाम करीब साढ़े तीन बजे फरहीन (40) बेटे हन्जला खान (20) और उनके चेचरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) का शव पहुंचा। इसके बाद गांव में चीख-पुकार मच गई।

सुबह से ही मृतकों के नाते-रिश्तेदार गांव में पहुंचने लगे। इस दौरान परिजन ने आलाधिकारियों से हत्यारोपी सिराज और उसके बेटे फराज का एनकाउंटर करने की भी मांग की। शाम सवा पांचे बजे तीनों को क्षेत्र के ईदगाह क्रबिस्तान में सुपुर्दे-ए-खाक किया गया। इस दौरान तिहरा हत्याकांड के चश्मदीद (फरीद के घरेलू नौकर) नन्हके ने आलाधिकारियों को पूरी दास्तां बयां की।

### फर्श हुई खून से लाल

तिहरा हत्याकांड के चश्मदीद नौकर नन्हके ने बताया कि घर की दीवार पर मांस के लोथड़े और फर्श खून से लाल हो चुकी थी। वहीं, पत्नी, बेटे और साले को मरणासन्न हालत में देख फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। इसके बाद वह शोर मचाते हुए बाहर निकला। पड़ोसियों के माध्यम से पुलिस को वारदात की जानकारी हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बेटे हन्जला खान के सिर पर एक गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई है। जबकि फरहीन और उसके चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज के सीने पर भी एक-एक गोली मारी गई।



मोहम्मदनगर गांव में फरहीन, हंजला खान और मुनीर खां उर्फ ताज के शव पहुंचे तो हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अमृत विचार

### शवों को देख कर दहशत में आया चश्मदीद



मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत महमूदनगर निवासी नन्हके (50) ने बताया कि करीब छह वर्षों से वह फरीद के घर पर काम करता था। गोलीकांड का दौरान वह चश्मदीद है। नौकर नन्हके ने बताया कि जिस वक्त सिराज खां उर्फ लल्लन ने बेटे फराज के साथ रायफल से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई तब वह किचन की साफ-सफाई कर रहा था। घर पहुंचते ही हत्यारोपी पिता-पुत्र गाली-गलौज करने लगे। तब मुनीर खां उर्फ ताज कमरे से बाहर निकलकर बरामदे में विरोध करने लगे। इसके बाद आरोपियों ने राइफल से उन्हें गोली मार दी। उसके बाद हन्जला खान और मालकिन फरहीन की गोली मारकर हत्या कर दी। नौकर ने बताया कि वह अपनी जान बचाने के लिए कमरे में पड़े एक तख्त के नीचे छिप गया था। हत्यारोपियों के जाने के बाद घर में फैले खून और तीन लाशों को देख वह दहशत में आ गया।

### जमीन के विवाद में सिराज के निशाने पर था फरीद

फरीद की बहन नज्मी ने घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से हत्यारोपी पिता-पुत्र का एनकाउंटर करने की मांग की। उसने कहा कि अगर पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार करेगी तब भी वह कोर्ट से छूट कर बाहर आएंगे और हमारे परिवार को खत्म कर देंगे। वहीं, डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि मीठेनगर गांव में जमीन के विवाद में सिराज के निशाने पर फरीद थे। तिहरा हत्याकांड के बाद क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अंतिम संस्कार में पूर्व प्रत्याशी सीएल वर्मा लोक सभा समाजवादी पार्टी व पूर्व प्रत्याशी राजबाला विधानसभा प्रत्याशी, सोनू कन्नौजिया, विधानसभा प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत व विधान सभा अध्यक्ष पूर्व विधायक जिंदल रावत पूर्व विधायक आरके चौधरी सहित समाजवादी कांग्रेस व बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के नेता मौजूद रहे।

# पाकिस्तान और नेपाल से जुड़े हैं सिराज के तार

- पड़ोसी देश में पनाह ले सकते हैं हत्यारोपी
- पाकिस्तान और नेपाल से मंगवाता था कबूतर व कुत्ते

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

**अमृत विचार :** रसूख और हनक की बदौलत जरायम की दुनिया में अपने नाम का सिक्का बुलंद करने की चाहत रखने वाला लल्लन उर्फ सिराज खां उर्फ गब्बर के पाकिस्तान और नेपाल से भी तार जुड़े हैं। जांच के दौरान सिराज खान के पाक और नेपाल से जुड़ी कुछ अहम बातें सामने आई हैं। जिसके बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पिता-पुत्र बगैर पासपोर्ट के पड़ोसी मुल्क में पनाह ले सकते हैं। फिलहाल, तीन हत्याओं के बाद गठित की गई पुलिस टीम हत्यारोपियों की तलाश में सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग के साथ उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### मलिहाबाद कोतवाली से खुली हिस्ट्रीशीट

वारदात के बाद पुलिस ने सिराज खान का आपराधिक इतिहास खंगाला तो पाया कि वर्ष 1979 में सिराज ने जरायम की दुनिया में पहला कदम रखा। हबीब मनीहार हत्याकांड का सिराज मुख्य हत्यारोपी था। काकोरी के एक गांव में एक गड्ढे में हबीब की लाश मिली थी, लेकिन सबूतों के अभाव में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। वर्ष 1980 में मलिहाबाद कोतवाली में गब्बार के खिलाफ दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे। उसके बाद सिराज खां उर्फ गब्बर के खिलाफ हरदोई जनपद के बेहटा गोकुल थाना समेत काकोरी व चौकी में लगभग 18 मुकदमे दर्ज हुए।

### सुरक्षा में सेंधमारी का विषय

क्षेत्र के कदीमी बाशिन्दों (पुराने निवासी) ने बताया कि 70 के दशक में बुलेट और घोड़े की सवारी करने वाला गब्बर शहर में खदरा के साहू कॉलोनी में किराए पर मकान लेकर रहता था। जबकि, मलिहाबाद क्षेत्र में उसका पुश्तैनी मकान था। रसूख और जमींदारी के प्रथा के चलते लोग सिराज के सामने बोलने से भी घबराते थे। हालांकि, शुरुआत से ही सिराज कबूतर उड़ाने का भी शौकीन है। सूत्रों की मानें तो वर्ष 2021 में सिराज ने पंजाब के भारत-पाक सीमा के सूर्यवाला गांव निवासी बबलू काजला से पाकिस्तान से तीन कबूतर मंगवाए थे। यह कबूतर खास प्रजाति के थे। जिन्हें, देर रात उड़ाकर हार-जीत की शर्तें लगाता था लेकिन, पाक से कबूतर मंगवाया जाना देश सुरक्षा की सुरक्षा में सेंधमारी का भी एक विषय है।

### नेपाल में ले सकते हैं पनाह

सिराज खान के दो बेटे पोलैंड में रहते हैं। दोनों ही लड़के पोलैंड से नेपाल आते थे। उसके बाद भारत लौटते थे। सिराज कबूतर उड़ाने के साथ प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों को पालने का भी शौक रखता था। 2015 में उसने पोलैंड से डोगो अर्जेंटीनो व नेपाल से पिटबुल कुत्ता मंगवाया था। वहीं, बेटा फराज भी पिता सिराज के नक्शे कदम पर था। जांच में यह सामने आया कि हत्यारोपी पिता-पुत्र असलहों के शौकीन थे। लखनऊ से पढ़ाई करने के बाद फराज ने दिल्ली से स्नातक में उच्च डिग्री हासिल की। मलिहाबाद के मोहम्मदनगर में तिहरे हत्याकांड के बाद पुलिस ने सिराज खां और उसके बेटे फराज का पासपोर्ट निरस्त कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि पुलिस से बचने के लिए हत्यारोपी पिता-पुत्र पड़ोसी मुल्क में भी बगैर पासपोर्ट के पनाह ले सकते हैं।

# लल्लन को लाइसेंस जारी करने में हुआ खेल, जिम्मेदारों ने लगाई गलत रिपोर्ट

- डीएम, एसपी, स्थानीय पुलिस क्राइम ब्रांच व एलआईयू की लगी थी सत्यापन रिपोर्ट
- लाइसेंस जारी करने की रिपोर्ट में जिम्मेदारों ने लल्लन का आपराधिक रिकार्ड छिपाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** करीब 40 वर्ष पूर्व जिला प्रशासन और पुलिस महकमे के जिम्मेदारों ने हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ लल्लन के अपराधों की फाइल दबाकर राइफल का लाइसेंस जारी कर दिया था। 23 साल में लल्लन के खिलाफ अलग-अलग थानों में गंभीर आपराधिक मामलों में 17 बार रिपोर्ट दर्ज की गई थी। ऐसे में लाइसेंस जारी करने में खेल कर जिम्मेदारों द्वारा सत्यापन में गलत रिपोर्ट लगाने की आशंका है।

मलिहाबाद थाना अंतर्गत मोहम्मद नगर निवासी लल्लन के खिलाफ सबसे पहली रिपोर्ट 1974 में काकोरी थाने में दर्ज की गई थी। इसके बाद वर्ष 1997 तक उसके खिलाफ लखनऊ व हरदोई के थानों में विभिन्न आपराधिक घटनाओं में 17 बार रिपोर्ट दर्ज की गई। आखिरी बार उसके खिलाफ मलिहाबाद थाने में हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लल्लन के नाम डीएम अमित कुमार घोष ने राइफल की लाइसेंस जारी कर दी थी। अब जबकि हत्या की घटना के बाद लल्लन का आपराधिक इतिहास सामने आया है, तो इसमें उसके नाम लाइसेंस जारी करने के लिए सत्यापन रिपोर्ट लगाने में खेल होना प्रतीत हो रहा है।

बता दें कि लाइसेंस के लिए आवेदन के बाद जिलाधिकारी कार्यालय से एसपी के पास, इसके बाद वहां की कई अन्य शाखाओं और स्थानीय पुलिस की रिपोर्ट लगाई गयी थी। इसके बाद भी किसी भी जिम्मेदार ने आपत्ति नहीं की। मामले में पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने जांच कराने व दोषी मिलने वालों पर कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने जांच के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश दिया है।



लल्लन उर्फ सिराज खां उर्फ गब्बर

### शस्त्र लाइसेंस के लिए प्रक्रिया

1. सबसे पहले डीएम ऑफिस में आवेदन करेंगे। इसमें शस्त्र लेने की वजह बतानी होगी।
2. डीएम के यहां से आवेदन एसपी ऑफिस में भेजा जाता है, यहां से सत्यापन के लिए क्षेत्रीय थाने।
3. थाने से आवेदक के स्थायी पते, पृष्ठभूमि, कामकाज और आपराधिक रिकॉर्ड पता कर पुलिस सत्यापन रिपोर्ट लगाती है
4. सत्यापन के बाद आवेदन को जिला क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो में भेजा जाता है। यहां दोबारा आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जाता है। थाने की रिपोर्ट दोबारा चेक की जाती है। तब आवेदन की रिपोर्ट वापस एसपी ऑफिस भेजी जाती है।
5. आवश्यक कार्रवाई के बाद एसपी ऑफिस से आवेदन डीएम ऑफिस भेज दिया जाता है।
6. आवेदक के बारे में एलआईयू (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) भी जांच करता है।
7. पुलिस और एलआईयू से मिली रिपोर्ट के आधार पर डीएम तय करते हैं कि आवेदक को लाइसेंस दिया जाए या नहीं।

# गब्बर पर भारी पड़े थे खलील, किया था बेघर

- साहू कॉलोनी में किराये के घर पर बनाया था ठिकाना
- यहीं से बढ़ा था अपराध का दायरा, दर्ज हुईं थीं कई रिपोर्ट

फहीमउल्ला खां, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** एक समय ऐसा भी था जब हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ गब्बर को पिता खलील खां ने बेघर कर दिया था। बिना वजह लोगों से भिड़ने व मारपीट से पिता उससे काफी नाराज थे। तब गब्बर ने लखनऊ में किराये के मकान को ठिकाना बनाया। यहां पर निरंकुश होकर उसने एक के बाद एक घटनाएं अंजाम दे डालीं। जिसके चलते काकोरी व चौक आदि थाने में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयीं थी।

जमींदार परिवार में जन्मा सिराज उर्फ लल्लन उर्फ गब्बर ने जवानी में कदम रखते ही वह अक्खड़ मिजाज हो चुका था। 70 के दशक में वह आये दिन गांव में लोगों से बिना वजह मारपीट करने लगा। रोज-रोज पीड़ित उसके पिता खलील के पास शिकायतें लेकर पहुंचने लगे। इससे आये दिन उसकी पिता से भी अनबन रहने लगी। समझाने के बाद भी गब्बर की आदतों में सुधार होता नहीं देख खलील ने उसे घर से निकाल दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि घर से निकाले जाने के बाद उसने हसनगंज इलाके में खदरा की साहू कालोनी में किराये के घर को ठिकाना बनाया। यहीं पर वह अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गया। पिता की हनक कम होने पर वह पुनः घर पहुंचा। जहां अक्सर विवादों से घिरा रहा। इसके चलते उसके खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास सहित कई रिपोर्ट दर्ज करायी गईं। लल्लन ने कक्षा छह तक की पढ़ाई फ्रांसिस स्कूल से, इसके बाद इंटर तक की पढ़ाई सिंतिनियल स्कूल से पूरी की थी।

# ई-रिक्शा चालक की तलाश में जुटी पुलिस

- गाड़ी पंचर होने के बाद हत्यारोपी ई-रिक्शे पर सवार होकर भागे थे
- परिचितों के घरों पर भी दबिश दे रही पुलिस

लखनऊ/ मलिहाबाद

**अमृत विचार :** मलिहाबाद के मोहम्मदनगर गांव में तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पिता-पुत्र थार लेकर फरार हो गए थे। बरुआ गांव के समीप पहिया पंचर होने के बाद हत्यारोपी गाड़ी छोड़कर वहां से ई-रिक्शे से भाग निकले। वारदात की देर शाम पुलिस ने थार को बरामद कर लिया था। गाड़ी के अंदर से पुलिस को लाइसेंसी रायफल समेत हत्यारोपियों का मोबाइल भी मिला। अब पुलिस ई-रिक्शा चालक की तलाश में जुटी है। सूत्रों की मानें, ई-रिक्शा पर सवार होकर हत्यारोपी शहर की तरफ गए। शनिवार को पुलिस टीम ने सिराज उर्फ लल्लन की कानपुर के बेकनगंज ससुराल में भी दबिश दी। पुलिस टीम ने सीतापुर के मिश्रिख में फराज के ससुराल पर दबिश दी वहां घर में ताले लटकते मिले। डीसीपी पश्चिम ने बताया कि जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले हत्यारोपियों के परिवारिक सदस्यों के मोबाइल नंबर को भी सर्विलांस पर लगाया है।

# फरहीन के सीने में फंसी गोली, हंजला और ताज के आर-पार

**उमड़ी भीड़**

- डॉक्टरों के पैनल ने वीडियो ग्राफी के बीच किया पोस्टमार्टम
- पोस्टमार्टम हाउस नजर आया छावनी, हर कोई दिखा गमजदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लाइसेंसी राइफल से चलायी गयी गोली फरहीन के सीने में फंस गयी थी। वहीं बेटे हंजला के सिर और ताज के गले से आरपार निकल गईं थी। शनिवार को डॉक्टरों के पैनल ने वीडियो ग्राफी के बीच शवों का करीब तीन घंटे में पोस्टमार्टम किया। परिजन को रिश्तेदार और ग्रामीण दिलासा देते नजर आये।

मलिहाबाद थाना अंतर्गत मोहम्मद नगर में शुक्रवार को हुये गोली कांड में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी थी। स्थानीय पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये देर शाम भेज दिये थे। विभिन्न कारणों से पोस्टमार्टम नहीं हो पाने से पुलिस ने शव मोर्च्युरी में रखवा दिये थे। शनिवार सुबह पुलिस, परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीणों की भीड़ पोस्टमार्टम हाउस में उमड़ पड़ी। लगभग तीन घंटे में शवों का पोस्टमार्टम हुआ। डॉक्टरों के पैनल ने शवों का पोस्टमार्टम किया, जिसकी वीडियो ग्राफी भी करायी गयी।

सूत्रों की मानें तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि फरहीन के सीने में गोली लगी थी और अंदर ही फंसी मिली हैं। जबकि बेटे हंजला के सिर में लगी गोली आर पार हो गई थी। इसके अलावा ताज के गले में लगी गोली भी आरपार हो गयी थी। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद हर चेहरा घटना को लेकर गमजदा नजर आया। परिजनों को रिश्तेदार और ग्रामीण बार बार दिलासा देते नजर आये।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मौजूद मृतकों के परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण।

## सार-संक्षेप

### ससुर पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पति शाहरुख समेत सास-ससुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2019 में उसका निकाह इंटौजा थानाक्षेत्र के कटरा मोहल्ला वार्ड-दो निवासी ड्राइवर शाहरुख से हुआ था। आरोप है कि ससुर हलीम उर्फ गुड्डू ने उसके अकेला पाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि मुंह बंद रखने के लिए पति ने परिवारिक सदस्यों के संग मिलकर उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया। मायके पक्ष ने समझौते का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुड़ा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### चोरों ने घर से 55 हजार नकदी और दो मोबाइल पार किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज थाना अंतर्गत दीन दयाल नगर निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि 1 फरवरी की रात खाना खाकर परिवार के सभी सदस्य सो गये थे। देर रात आहट होने पर उसकी आंख खुली उठकर बाहर आया तो अज्ञात सीढ़ियों पर चढ़ते दिखे। अज्ञात लोगों को घर में देख अनहोनी की आशंका में उन्होंने शोर मचा दिया। इस पर आरोपी आनन-फानन छत पर चढ़ कर भाग निकले। उन्होंने कमरे में देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और 55 हजार रुपये व दो मोबाइल चोरी होने की जानकारी हुयी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर मदेयगंज ने बताया अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### ढाबे पर शराब पीने के विरोध में फोड़ा सिर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मूलरूप से हरदोई जनपद के अतरौली कस्बा निवासी पूजा मिश्र किराए के मकान में रहकर भागीरथी चौराहे पर ढाबा संचालित करती है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि भाई दीपक ढाबे में उनका हाथ बंटाता है। आरोप है कि गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे क्षेत्र के रहने वाले मंगली, अतुल और दो अन्य लोग शराब पीने लगे। भाई दीपक ने उन्हें शराब पीने से मना किया तो वह गाली-गलौज करने गले। विरोध किए जाने पर आरोपियों ने भाई को घेर लिया। जब तक भाई कुछ समझ पाता, तब दबंगों ने उसके सिर पर वजनदार हथियार से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। बताया कि इस वार से भाई सड़क पर तड़पने लगा। तब हमलावर भाई को धमकाते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि हमलावरों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, हंसखेड़ा निवासी माधुरी सिंह ने बेटी (15) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बेटी टेबलेट (मोबाइल) लेकर घर से निकली थी। इसके बाद वह अचानक लापता हो गई। देर शाम तक बेटी घर नहीं लौटी तब परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी। महिला ने बताया कि किाी अनहोनी की आशंका पर पारा थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है।

### छात्रा के मोबाइल पर भेजे आपत्तिजनक मैसेज

**अमृत विचार, ठाकुरगंज :** सआदतगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने कटरा विजन बेग चौपटिया दुर्गाप्रसाद हाता निवासी राज वर्मा, ऋषि वर्मा और शनि के खिलाफ छेड़खानी, एससी-एसटी एक्ट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि राज वर्मा बेटी से शादी करने का झांसा देकर मोबाइल पर अश्लील मैसेज करता है। यह बात उनके बेटे को पता चली तब वह शोहदे को हिदायत देने पहुंचा। उस वक्त आरोपी भाई ऋषि वर्मा और शनि संग मिलकर पीड़ित के बेटे से बदसलूकी कर जातिसूचक शब्द कहे और उनके बेटे को जान से मारने की भी धमकी देने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग सास को पीट बहू ने घर से निकालने की दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके में बहू द्वारा बुजुर्ग सास को पीट कर घर से निकालने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने जान माल के नुकसान की आशंका जताते हुए आरोपी बहू के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। श्याम सिटी कॉलोनी निवासी बुजुर्ग राजेश्वरी बसनीठ ने बताया कि उनके पति तारा बसनीठ की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। वह बहू अनुराधा और बेटे के साथ रहती है। बेटे के समझाने के बाद भी बहू के बर्ताव में सुधार नहीं हो रहा है। बहू उसे भूखा रखती है, खाना मांगने पर गाली गलौज करने लगती है। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया अनुराधा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो लोगों के खाते से 2.70 लाख पार किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर अपराधी ने वीडियो कॉल कर केवाईसी के नाम पर युवक के खाते से 2.45 लाख ट्रांसफर कर लिये। कृष्णानगर के पंडित खेड़ा स्थित गोल्ड सिटी निवासी सुधाकर दत्त त्रिपाठी ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके नंबर पर वीडियो कॉल आई। उधर से बोल रहे जालसाज ने केवाईसी अपडेट कराने का झांसा देकर बैंक डिटेल हासिल की। इसके बाद तीन बार में उनके खाते से 2,44,800 रुपये ट्रांसफर कर लिये। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। उधर, एलडीए कॉलोनी सेक्टर- एच निवासी वंशराज सेठी से पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 25,200 रुपये ट्रांसफर कर लिये। पीड़ित ने आशियाना थाने में आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

**हादसा** — राजा बाजार में सिलेंडर से घर में लगी आग, करीब 19 लोग फंसे थे अंदर

# मकान में लगी भीषण आग, पिता-पुत्र झुलसे

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

**अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत राजा बाजार में सिलेंडर से एक घर में आग लग गई। मकान की ऊपरी मंजिल में करीब 19 लोग फंस गए। रेस्क्यू के दौरान झुलसे दो लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एफएसओ चौक ने बताया कि क्षेत्र के राजा बाजार चौराहे के पास बने चार मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर तेज धमाके के साथ एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि पास खड़ी एक कार और दो बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे आग पूरे मकान में फैलना शुरू हो गया। फौरन मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर चौक फायर स्टेशन से दो, हजरतगंज और आलमबाग से एक-एक गाड़ियां मौके पर पहुंची। ऊपरी मंजिल से लोगों ने सीढ़ियों से जान बचाने के लिए भागना शुरू कर दिया, इस दौरान अरविंद सीढ़ियों में फंसकर नीचे गिर गए जिसके बाद फायर टीम ने एनाउंस कर सभी को छत पर जाने के लिए कहा। जिसके बाद टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया और हाइड्रोलिक मशीन के जरिये पहले तल की खिड़की तोड़ मकान के भीतर प्रवेश किया। जिसके बाद टीम छत पर पहुंची और एक-एक कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। टीम ने करीब सवा घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।



घटना के दौरान दहशत में लोग। अमृत विचार

# स्वीट्स हाउस में आग लगने से कारीगर झुलसा

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

**अमृत विचार :** बाजार खाला थानाक्षेत्र अन्तर्गत टिकैतराय तालाब के समीप आरके स्वीट्स हाउस में शनिवार शाम आग लग गई। इसकी जद में आने से मिठाई कारीगर झुलस गया। हालांकि, घटनास्थल पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम में तकरीबन डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत कर फैलती आग पर काबू पाया। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र सिंह के मुताबिक, बाजार खाला थानाक्षेत्र अन्तर्गत टिकैतराय तालाब के समीप रामखेलावन की आरके स्वीट्स हाउस नाम से मिठाई की दुकान है। शनिवार शाम को कारीगर अजय कुमार प्रतिष्ठान में समोसा तल रहे थे। अचानक सिलेंडर में आग लग गई। कुछ पल में आग दुकान में फैल गई। आग की जद में आकर कारीगर अजय का हाथ और चेहरा झुलस गया।

### कार की रिपेयरिंग के दौरान धमाका

चौक एफएसओ पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया कि मकान मालिक अरविंद ग्राउंड फ्लोर पर अपने कार की रिपेयरिंग कर रहे थे। तभी तेज धमाका हुआ, धमाका एलपीजी से आया या फिर कार से ये स्पष्ट नहीं हो सका है। आग की वजह से पिता-पुत्र जख्मी हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## एक नजर

### जगदीश गांधी की स्मृति में छात्रों ने निकाला मार्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने संस्थापक स्व. जगदीश गांधी की स्मृति में 'स्मृति मार्च' निकाली। सीएमएस छात्रों का यह स्मृति मार्च गोमती नगर स्थित 1090 चौराहे से लोहिया पार्क तक निकाला गया। मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने झंडी दिखाकर मार्च को रवाना किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. जगदीश गांधी का जीवन दर्शन भावी पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा, जिन्होंने वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ियां के उज्जवल भविष्य के लिए अपने जीवन को खपा दिया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. जगदीश गांधी ने हम सभी को भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य का सपना दिखाया है, जिस पर हमें गर्व है और इस सपने को पूरा करने के लिए सीएमएस का प्रत्येक छात्र, शिक्षक व अभिभावक संकल्पित है।

### नव पाषाण काल की संस्कृति पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा आयोजित पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम के 5वें दिन लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने भारतीय प्रागैतिहासिक संस्कृतियां एवं हड़प्पा सभ्यता में विज्ञान एवं तकनीक नामक दो विषयों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय प्रागैतिहासिक संस्कृतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रागैतिहासिक भारत में पुरापाषाण, मध्य पाषाण एवं नव पाषाण काल की संस्कृतियां पाई जाती हैं। मानव उद्विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि ग्लेशियर और नदियों में निरंतर होने वाले परिवर्तन के फलस्वरूप छोटे-छोटे जीवों में क्रमिक विकास ने प्रारंभिक मानव का विकास आज से लगभग 20 लाख वर्ष पहले हो चुका था। तंजानिया के लावटोली नामक स्थान से सर्वप्रथम प्रारंभिक मानव के दो पैरों के चिन्ह के प्रमाण मिले, जिन्हें आस्टेलोपिथेकस मानव कहा गया। इन्होंने मानव के प्रकार और उपकरण निर्माण की तकनीक पर प्रकाश डालते हुए बताया कि होमोइरेक्टस मानव ने ही सर्वप्रथम पाषाण के उपकरणों को बनाया और इसी ने आग का अविष्कार और प्रयोग करना प्रारंभ किया, जो नव पाषाण काल से है। कार्यक्रम में निदेशक राज्य पुरातत्व विभाग ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका का स्वागत किया। कार्यक्रम में सहायक पुरातत्व अधिकारी डॉ. राजीव कुमार त्रिवेदी, ज्ञानेन्द्र कुमार रस्तोगी और प्रकाशन सहायक बलिहारी सेठ भी मौजूद रहे।

# राजधानी में जमीन कब्जाने के 150 मामले

## कई का कोर्ट में दायर है वाद, कुछ मामलों में पुलिस कर रही विवेचना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निर्णय में देरी होने से आए दिन दोनों पक्षों में होता रहता है विवाद

**अमृत विचार :** राजधानी में जमीन कब्जाने के करीब 150 बड़े मामले हैं। इनमें दोनों पक्ष अक्सर आमने-सामने आ जाते हैं। इनमें खूनी संघर्ष भी हो चुके हैं। कुछ मामले कोर्ट में चल रहे हैं। पुलिस को लगातार विवाद की आशंका रहती है। ऐसे मामलों के जल्द निस्तारण के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था ने पहल की है। एक विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया है। अब इसी प्रकोष्ठ में इन मामलों की सुनवाई होगी। वहीं, राजधानी की कोर्ट में करीब पांच हजार मामले लंबित हैं।

जेसीपी कार्यालय के 36 नंबर कमरे में प्रकोष्ठ का कार्यालय बनाया गया है। प्रकोष्ठ में आने वाले मामलों के निस्तारण के लिए छह सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। प्रकोष्ठ गठन के बाद से जमीन कब्जाने के करीब 20 नए मामले आए हैं। कमेटी ने पिछले कुछ समय में राजधानी के विभिन्न थानों में दर्ज हुए करीब 150 मामलों की फाइल मंगा ली हैं। ये ऐसे मामले हैं जिनमें दोनों पक्षों के बीच कई बार खूनी संघर्ष हो चुका है या आशंका बनी है। प्रकोष्ठ से जुड़े पुलिस कर्मियों की मानें तो जमीन विवाद से जुड़े बड़े मामलों को जल्द निस्तारित करने के लिए जांच कर रहे हैं। बता दें कि राजधानी में अक्टूबर 2023 तक राजस्व कोर्ट में दर्ज कराए गए करीब पांच हजार मुकदमें जमीन विवाद से जुड़े हैं। इनमें पैमाइश और अंश निर्धारण के मुकदमे प्रमुख हैं।

**जमीन विवाद में हुई थी मौत**

ठाकुरगंज में नगर निगम की सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर 25 सितंबर 2022 को दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें एक पक्ष के एजाज बहादुर उर्फ राजू बॉक्सर की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई थी।

**छह लोग हुए थे घायल**

महिगवां इलाके के गुलालपुर में तीन दिन पहले 30 जनवरी की रात जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में करीब छह लोग घायल हो गए थे। सभी को भर्ती कराया गया है। पुलिस को दोनों पक्षों ने तहरीर सौंपी थी। दोनों पक्षों में पहले भी कई बार विवाद हो चुका है।

**ऐसे चलता है जमीन का मुकदमा**

जमीन का विवाद होने पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा- 24 और 24-राजस्व अधिनियम, 1901 की धारा-41 के तहत उप जिलाधिकारी की अदालत में निस्तारण के लिए आवेदन करने का प्राविधान है। ऐसे मुकदमों का निस्तारण और जमीन की पैमाइश सामान्य तौर पर तीन महीने में हो जानी चाहिए।

# टेक्नोलॉजी के कारण बढ़ गई न्याय की पहुंच : न्यायमूर्ति ओमप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लॉ एंड टेक्नोलॉजी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय में दो दिवसीय लॉ एंड टेक्नोलॉजी विषयक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को आयोजन हुआ।

विधि विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि लॉ एंड टेक्नोलॉजी के तीन मुख्य भाग हैं, पहला टेक्नोलॉजी, दूसरा आर्गेनाइजेशन और तीसरा एवं अत्यंत महत्वपूर्ण भाग विचारधारा जो की दर्शन न्याय शास्त्र से भी जुड़े हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से लॉ पर क्या प्रभाव पड़ा है, इन प्रश्नों के उत्तर जानना आवश्यक हो जाता है।

बदलते सामाजिक परिपेक्ष्य में लॉ और टेक्नोलॉजी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आज लॉ एवं टेक्नोलॉजी में प्रगति का हमारे जीवन के हर पहलू पर प्रभाव है। इसके सकारात्मक पहलुओं पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हम आज परिवर्तन के मोड़ पर आ खड़े हुए हैं। टेक्नोलॉजी के कारण न्याय की पहुंच बढ़ गई है। टेक्नोलॉजी के कारण न सिर्फ सामान्य लोगो को सहयाता मिल रही हैं बल्कि न्यायालय में भी समय और पारदर्शिता में सुधार देखा जा रहा हैं। संगोष्ठी में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद के प्रो. अनुराग अग्रवाल डॉ. प्रेम कुमार गौतम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



सम्मान लेते समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र। अमृत विचार

# राजनीति में रहकर जो ईमानदार बना रहे, वो ऋषि होता है : दीपक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भारत रत्न के लिए लाल कृष्ण आडवाणी को दी बधाई

**अमृत विचार :** समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र ने भारत रत्न के लिए लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी है। दीपक ने बताया कि जब मुझे मंडेला अवार्ड मिला था तो आडवाणी ने बुला कर मेरा उत्साहवर्धन किया था और मुझे अपनी पुस्तक 'मेरा देश - मेरा जीवन' देते हुए कहा था कि लोहिया में असीम महानता थी, पुस्तक पढ़ने के बाद आपको पता चलेगा कि मैं लोहिया का घोर समर्थक हूं।

उन्होंने लोहिया के कई संस्मरण भी सुनाए जिन का उल्लेख उनकी पुस्तक में भी है। इसके अलावा मरणोपरांत बिंदेश्वरी पाठक को पद्मविभूषण दिया गया है। उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। दीपक बताते हैं कि वे ऑथर्स गिल्ड आफ इंडिया के अध्यक्ष थे और मैं सदस्य। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मेरा भाषण सुना। मेरे समाजवादी विचारों से काफी प्रभावित हुए। तब से जब भी दिल्ली जाता उनसे जरूर मिलता। आते समय हमेशा कुछ रुपए मेरे हाथ में सबसे छुपा कर रखते थे। मैंने एक बार पूछा कि आप ऐसा क्यों करते हैं तो काफी टालमटोल के बाद बोले, दीपक बाबू ! आप ईमानदार बने रहें इसलिए। राजनीति में रहते हुए जो ईमानदार बना रहे, वो ऋषि होता है।

## फैशन से नहीं पैशन से सफल होता है स्टार्टअप

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में इनोवेशन हब यूपीएलसी और सिडबी की ओर से मिलकर स्टार्टअप के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्टार्टअप को विभिन्न सरकारी फंड किस तरह मिले इस पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि सिडबी के सीजीएम एसपी सिंह ने कहा कि वर्तमान में स्टार्टअप के नाम पर लोग कुछ भी स्टार्ट कर दे रहे हैं जो कि जल्दी असफल भी हो रहा है। बतौर इन्क्युबेशन सेंटर यह पहचानना होगा कि कौन सा स्टार्टअप भविष्य में बेहतर कर सकता है। सिडबी ऐसे लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही जो सही मायने में स्टार्टअप कर रहे हैं। उन्होंने सिडबी के एक हजार करोड़ के फंड के बारे में जानकारी दी। यूपीएलसी के प्रवीण सिंह और अखिल राय ने इन्क्युबेशन सेंटर को मिलने वाले फंड की जानकारी साझा की।

# व्यास तहखाने में पूजा कोर्ट के आदेश पर हम कानून को मानने वाले : केशव मौर्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** श्री गुरु वशिष्ठ न्यास द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचर्चा के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्री गुरु वशिष्ठ जी के शिष्य राम 500 वर्षों के प्रयासों के बाद पूरी मर्यादा के साथ अपने धाम में प्राण प्रतिष्ठित हुए हैं। यह हम सबके लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि साजिश के तहत 1993 में मुलायम सिंह यादव की सरकार ने जिस प्रकार ज्ञानवापी स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना बंद कराई थी उससे काशी के ही नहीं देशभर के लोग परिचित हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में हमारी सरकार बनी तो हम भी पूजा शुरू करवा सकते थे लेकिन, हमने मर्यादा का पालन किया। शिवभक्तों ने भी संयम दिखाया न्यायालय की शरण में गए वहां से आदेश लेकर आये और अपने महादेव की पूजा-अर्चना शुरू की। इससे हमारा ही नहीं सनातन धर्म में आस्था रखने वाले विश्व के सभी लोगों को एक समान आनंद की प्राप्ति हुई।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में न्यास के अध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने न्यास के बारे में जानकारी दी और कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत कराया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य और भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल और वरिष्ठ पत्रकार हर्ष वर्धन त्रिपाठी, न्यास के सचिव शैलेंद्र जायसवाल, न्यासी पुनीत श्रीवास्तव, पंकज पाठक, अनुराग तिवारी, सौरभ राय, अनुराग त्रिपाठी, मानस भूषण, अनुरंजन समेत अन्य उपस्थित रहे।



केशव प्रसाद मौर्य को स्मृति चिन्ह भेंट करते न्यास के अध्यक्ष प्रमोद मिश्र व अन्य।

▸▸ श्री गुरु वशिष्ठ न्यास द्वारा आयोजित श्रीराम दरबार में बोले उप मुख्यमंत्री

▸▸ मुलायम सिंह यादव ने वोटबैंक के लालच में बंद कराई थी पूजा

## पसमांदा मुसलमानों को नहीं दी राजनीति में हिस्सेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राइन ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने पसमांदा मुसलमानों के लिए कभी कुछ नहीं किया और झूठ बोलकर सत्ता हासिल करते रहे। प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब वसीम राइन ने कहा कि मुसलमानों में 85 फीसदी पसमांदा हैं लेकिन राजनीति में उनकी हिस्सेदारी शून्य है। कांग्रेस और सपा ने एक भी पसमांदा मुसलमान को राज्यसभा या विधानपरिषद में नहीं भेजा। उन्होंने कहा कि राजनीति में जो पार्टी पसमांदा मुसलमानों को हिस्सेदारी देगी उसी को वोट दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पसमांदा मुसलमान एमएलसी और एमपी भी बने। उन्हें मंत्री भी बनाया गया। पसमांदा मुस्लिम महाज के महासचिव अब्दुल कलाम अंसारी ने कहा कि पसमांदा मुसलमानों को सेक्युलर राजनीतिक दलों ने सबसे ज्यादा ठगा है। किसी भी पार्टी ने आबादी के अनुपात में राजनीति में हिस्सेदारी नहीं दी। इन सेक्युलर पार्टियों से बेहतर साम्प्रदायिक घोषित भाजपा नजर आ रही है।



स्टोर का रिबन काटते मंत्री कौशल किशोर, चेयरमैन एमपी अहमद व अन्य। अमृत विचार

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने तीसरे स्टोर का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ स्टोर को शहर का सर्वोत्तम आभूषण खरीदारी गंतव्य बनाना लक्ष्य

**अमृत विचार :** प्रमुख रिटेल आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आलमबाग में शनिवार को अपना नया स्टोर खोला। उद्घाटन में भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर की उपस्थिति रही।

नए स्टोर की शुरुआत को लेकर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि हम मलाबार अनुभव को लाने के लिए उत्साहित हैं। हमारा नया स्टोर सिर्फ आभूषण बेचने के बारे में नहीं है बल्कि हमारे ग्राहकों के लिए यादगार पल बनाने के बारे में भी है। अपने विविध संग्रहों और निष्पक्षता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ हमारा लक्ष्य शहर का सर्वोत्तम आभूषण खरीदारी गंतव्य बनाना है। यह स्टोर आभूषणों के शौकीनों के लिए शानदार जगह होगी, जो सर्वोत्तम कीमतों और उचित मेकिंग शुल्क पर गहनों की विस्तृत और उत्कृष्ट रेंज पेश करेगा।

# हस्तशिल्प महोत्सव के फिश टनल में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट और प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में शनिवार को फिश टनल पर भारी भीड़ उमड़ी। झूले, फूड जोन और सभी स्टॉलों पर लोगों का जमावड़ा देखने को मिला।

करिश्मा कला विकास संस्थान की ओर से मेकअप स्टार फैशन रनवे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. माधुरी वर्मा ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौंदर्य और श्रृंगार के क्षेत्र में महिलाओं को शिक्षित करना, उनको स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है, जिससे महिलाओं का आत्म बल बढ़े और वह आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें।

ध्वनि फाउंडेशन ने गणेश वन्दना से अपना कार्यक्रम शुरू किया। राजस्थानी नृत्य के बाद कलाकारों ने भरतनाट्यम नृत्य में अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। तराना की प्रस्तुति रिचा तिवारी के निर्देशन में दित्या तिवारी, गरिमा मिश्रा, ओशनिक, अनन्या भट्ट, उदयन तिवारी, आनंदी अग्रवाल, काव्या अग्रवाल, काशवी, अद्विति और अपर्णा राय ने भाग लिया।



आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में शनिवार को फिश टनल पर उमड़ी भीड़।

▸▸ मेकअप स्टार फैशन रनवे का किया गया आयोजन

# सनतकदा में गजल की महफिल और इश्क पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सलेमपुर हाउस में पुस्तक द चंदायन का किया गया विमोचन

**अमृत विचार :** सफेद बारादरी और सलेमपुर हाउस में कल शुरू हुए पांच दिवसीय महिंद्रा सनतकदा महोत्सव के दूसरे दिन महोत्सव ने शहर के दूसरे इलाकों में भी अपने पांव पसार दिए। महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत कार टूर से हुई। इस कार टूर में शामिल लोगों ने इस्मत चुगताई, इंदिरा महिंद्रा और बेगम अख्तर के योगदान के बारे में जानकारी हासिल की। यात्रा में शामिल लोग पुराने शहर की गलियों में गए और बेगम अख्तर की मजार पर जाकर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित की।

शहर का टूर करने वालों ने पुराने शहर की गलियां घूमते हुए लखनऊ के मशहूर खानों का स्वाद भी लिया। सलेमपुर हाउस में शनिवार को पुस्तक द चंदायन का विमोचन किया गया। इस पुस्तक के बारे में नमन आहूजा ने बहुत विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंदायन एक महाकाव्य है। 400 से अधिक पृष्ठों की इस किताब में 530 पेंटिंग्स भी प्रकाशित की गई हैं। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में भारतीय कला और वास्तुकला के प्रो. नमन आहूजा ने कहा कि प्रेम पर लिखा गया चंदायन अब तक का सबसे महान महाकाव्य है।

महोत्सव में तलत महमूद की जीवनी पर आधारित सहर जमान की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। फिल्म निर्देशक मुजफ्फर अली, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने इसका विमोचन किया।


डॉ. विधि सिन्हा की पुस्तक छोटे मियां यहां विमोचित होने वाली तीसरी पुस्तक रही। महोत्सव की थीम आशिकाना लखनऊ है। अलीशा आसिफ ने माधवी कुकरेजा से महोत्सव की थीम पर विस्तार से बातचीत की। सनतकदा की संस्थापक माधवी कुकरेजा कहती हैं कि स्पर्श, इच्छा और आनंद प्यार का अटूट हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शहर में बहुत सारी तहजीबें भी हैं जो कभी-कभी प्यार की बेदाग़ अभिव्यक्ति के रास्ते में आती हैं। उन्होंने नारीवाद, विवाह और आत्म प्रेम के विचार पर भी चर्चा की।



सनतकदा महोत्सव के दौरान सलिमपुर हाउस में तलत महमूद पुस्तक का विमोचन करते सहर्ज़मान, मुजफ्फर अली, रसीद किदवई, मांडवी सिंह व अन्य। अमृत विचार

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना सं.: 12/2024 रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड मीटर गेज खण्ड को बड़ी लाइन खण्ड में आमान परिवर्तन हेतु दिनांक 10-02-2024 से अगली सूचना तक बन्द किया जायेगा, फलस्वरूप मैलानी-नानपारा के मध्य चलने वाली गाड़ियों का संशोधित समय दिनांक 10-02-2024 से निम्नानुसार होगा।



| गाड़ी सं. 05320 (मैलानी-बिछिया) (शनि-रवि) | | गाड़ी सं. 05362 (मैलानी-नानपारा) | | गाड़ी सं. 05356 (मैलानी-नानपारा) | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05355 (नानपारा-मैलानी) | | गाड़ी सं. 05361 (नानपारा-मैलानी) | | गाड़ी सं. 05319 (बिछिया-मैलानी) (शनि-रवि) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:05 | -- | 08:50 | -- | 07:20 | मैलानी | 17:55 | -- | 13:45 | -- | 16:10 | -- |
| 06:35 | 06:37 | 09:20 | 09:22 | 07:50 | 07:52 | भीरा खेरी | 17:11 | 17:13 | 13:04 | 13:06 | 15:25 | 15:27 |
| 06:57 | 07:02 | 09:42 | 09:44 | 08:12 | 08:14 | पलिया कलां | 16:49 | 16:51 | 12:42 | 12:44 | 14:50 | 14:55 |
| 07:21 | 07:26 | 10:04 | 10:06 | 08:36 | 08:38 | दुदवा | 16:28 | 16:30 | 12:20 | 12:22 | 14:25 | 14:30 |
| 08:31 | 08:33 | 11:10 | 11:12 | 09:41 | 09:43 | बेलरायां | 15:12 | 15:14 | 11:05 | 11:07 | 13:18 | 13:20 |
| 08:53 | 08:58 | 11:30 | 11:32 | 10:08 | 10:10 | तिकुनियां | 14:53 | 14:55 | 10:13 | 10:15 | 12:55 | 13:00 |
| 09:12 | 09:13 | 11:46 | 11:47 | 10:32 | 10:33 | खैरटिया बांध रोड | 14:30 | 14:31 | 09:58 | 09:59 | 12:38 | 12:39 |
| 09:33 | 09:35 | 12:13 | 12:15 | 10:51 | 10:53 | मंझरा पूरब | 14:10 | 14:12 | 09:38 | 09:40 | 12:18 | 12:20 |
| 10:30 | -- | 13:25 | 13:27 | 11:30 | 11:32 | बिछिया | 13:30 | 13:32 | 09:00 | 09:02 | -- | 11:45 |
| | | 13:54 | 13:56 | 12:00 | 12:02 | निशानगाडा | 12:55 | 12:57 | 08:40 | 08:42 | | |
| | | 14:17 | 14:19 | 12:28 | 12:30 | मुर्तिहा | 12:33 | 12:35 | 08:18 | 08:20 | | |
| | | 14:49 | 14:50 | 13:08 | 13:09 | ककरहा रेस्ट हाउस | 12:02 | 12:03 | 07:47 | 07:48 | | |
| | | 15:12 | 15:14 | 13:32 | 13:34 | मिहिंपुरवा | 11:38 | 11:40 | 07:23 | 07:25 | | |
| | | 15:24 | 15:25 | 13:43 | 13:44 | गायघाट हाल्ट | 11:28 | 11:29 | 07:13 | 07:14 | | |
| | | 15:40 | 15:42 | 14:00 | 14:02 | रायबोझा | 11:17 | 11:19 | 07:02 | 07:04 | | |
| | | 16:25 | -- | 14:45 | -- | नानपारा जं. | -- | 11:00 | -- | 06:45 | | |

मुजाधि/टी-64 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 53/54/55/56/57/58/ECTC/2023-24** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **53 कार्य का नाम** विद्युत पारेषण मण्डल-प्रथम, लखनऊ के अन्तर्गत विद्युत उपकेन्द्रों के जानपदीय अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 442.71 लाख **कार्यावधि** 24 माह, **54 कार्य का नाम** विद्युत पारेषण मण्डल-द्वितीय, लखनऊ के अर्न्तगत विद्युत उपकेन्द्रों के जानपदीय अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 348.79 लाख **कार्यावधि** 24 माह, **55 कार्य का नाम** विद्युत पारेषण मण्डल-गोण्डा के अर्न्तगत विद्युत उपकेन्द्रों के जानपदीय अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 203.69 लाख **कार्यावधि** 24 माह, **56 कार्य का नाम** विद्युत पारेषण मण्डल-शाहजहाँपुर के अर्न्तगत विद्युत उपकेन्द्रों के जानपदीय अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 356.70 लाख **कार्यावधि** 24 माह, **57 कार्य का नाम** विद्युत पारेषण मण्डल-बरेली के अर्न्तगत विद्युत उपकेन्द्रों के जानपदीय अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 324.76 लाख **कार्यावधि** 24 माह **58 कार्य का नाम** विद्युत पारेषण मण्डल-सुल्तानपुर के अर्न्तगत विद्युत उपकेन्द्रों के जानपदीय अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 304.60 लाख **कार्यावधि** 24 माह। उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 23.02.2024 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला / अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 24.02.2024 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल कक्ष सं. 223 से 228, प्रथम तल, पारेषण भवन, यू.पी.एस.एल.डी.सी. परिसर विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ- 226010 ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''** पत्रांक:- 393/वि.जा.पा.मं.(ल.)/निविदा दिनांक:- 03.02.2024

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

**अल्पकालीन निविदा सूचना (ई-निविदा) संख्या 16/विजाखं (वि0)/एल/ई- टेन्डर/ 2023-24** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यो को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट www. mvvnl.in तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाईट http://etender.up. nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है निविदा का प्रथम एवं द्वितीय भाग बेवसाईट पर लोड करने की अन्तिम तिथि 20.02.2024 समय 17:00 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी) तिथि 21.02.2024 समय 11:00 बजे से खोला जायेगा। निविदा में प्रतिभाग करने हेतु नियम व शर्ते संलग्न PQC में देखें। जिसके परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाग (भाग-द्वितीय) बाद में खोले जायेगें। इसके अतिरिक्त म0वि0वि0नि0लि0 के निदेशक मंडल के दिनांक 28.03.18 के आदेशानुसार अव्यवहारिक दरों पर सेक्योरिटी / परफारमेंस गारेन्टी लिये जाने का प्राविधान है। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग 2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow के पंजाब नेशनल बैंक, हलवासिया हजरतगंज, लखनऊ के खाता संख्या - 0294002100078232 आई0एफ0एस0सी0 कोड-PUNB0029400 में आर0टी0जी0एस0/ एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से सीधे जमा की जायेगी। निविदा का भाग-1 व 2 (प्राइस विड) केवल बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रस्ताव एक साथ ही जमा करना होगा, निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि की आर0टी0जी0एस0 साक्ष्य (रसीद) को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रथम भाग के साथ जमा करना आवश्यक होगा एवं किसी भी प्रकार की हार्ड कापी स्वीकार नहीं होगी, निविदा के प्रथम भाग प्राप्त / खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट / तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को खोला जायेगा। निविदा की वैधता न्यूनतम 75 दिन होनी चाहिए। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना उपरोक्त अंकित बेवसाइटों पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करना अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। (1) **निविदा विशिष्ट सं0 23/विजाखं (वि0)/एल/टेन्डर/ 2023-24** 1 कार्य का नाम:- अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) द्वितीय, म0वि0वि0 नि0लि0 के कार्यालय के सम्मुख टीन शेड का विस्तार, रैम्प निर्माण, शौचालय का जीर्णोद्धार एवं अन्य आवश्यक जानपदीय कार्य। धरोहर धनराशि रु0 4,000.00 (रु0 चार हजार मात्र) समयावधि :- पन्द्रह दिन। निविदा प्रपत्र का मूल्य:- रू0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) (2) **निविदा विशिष्ट सं0 24/विजाखं (वि0)/ एल/टेन्डर/2023-24** कार्य का नाम:- अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल-पंचम् लेसा भवन के कार्यालय में आवश्यक जानपदीय कार्य। धरोहर धनराशि :- रु0 4,000.00 (रु0 चार हजार मात्र) समयावधि :- पन्द्रह दिन। निविदा प्रपत्र का मूल्य:- रु0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) (3) **निविदा विशिष्ट सं0 25/विजाखं (वि0)/एल/टेन्डर/2023-24** कार्य का नाम:- परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय लेसा (सिस-गोमती) के मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। धरोहर धनराशि रू- रु0 4,000.00 (रु0 चार हजार मात्र) समयावधि :- पन्द्रह दिन। निविदा प्रपत्र का मूल्य:- रू0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) **अधिशासी अभियन्ता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र (प्रथम तल), सेक्टर-5 गोमती नगर (विस्तार), लखनऊ ''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें ''** पत्रांक :- 1685/विजाख(वि0)/एल/ए-1 दिनांक:- 03.02.2024

## एक नजर

### निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मल्हौर में शनिवार को निर्माणाधीन मकान के दूसरे मंजिल से गिरकर मजदूर रोहित मिश्रा (26) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भतीजे अनुराग मिश्रा के मुताबिक बाराबंकी के हैदरगंज निवासी रोहित चिनहट इलाके में रहकर मजदूरी करता था। कुछ समय से वह मल्हौर स्थित निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। शनिवार सुबह काम करते समय दूसरे मंजिल से गिरकर रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। साथियों की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार मे पत्नी प्रमिला व तीन बच्चे हैं। इंस्पेक्टर का कहना है कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### डी-फार्मा में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर 28 छात्रों से ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर के एसआईटीएम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक संदीप वर्मा ने सीएमजे विवि मेघायल में डीफार्मा कोर्स में प्रवेश दिलाने के नाम पर 28 छात्रों से 33 लाख रुपये वसूल लिए। यह आरोप लगाकर छात्रों ने गोमतीनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मूलरूप से सिद्धार्थनगर जनपद के डुमरियागंज निवासी मो. इरफान उर्फ सैफ के मुताबिक रिश्तेदार मो. अजीम और हसन रजा को डीफार्मा में दाखिला लेना था। वर्ष 2021 में पत्रकारपुरम एसआईटीएम ग्रुप के राहुल वर्मा से मुलाकात हुई। राहुल ने एसआईटीएम ग्रुप के निदेशक संदीप से मिलवाया। इरफान ने बताया कि उनके रिश्तेदार समेत करीब 28 लोगों ने डीफार्मा के लिए आवेदन कर 33 लाख रुपये बताए खाते में भेज दिए, लेकिन एक भी क्लास नहीं हुई। पता चला कि संदीप वर्मा के इंस्टीट्यूट का विवि से कोई सम्पर्क नहीं है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# ट्रैफिक हेड कांस्टेबल को जीप ने कुचला, घायल

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित शहीद पथ मोड़ पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार जीप ने यातायात व्यवस्था संभाल रहे एक पुलिस हेड कांस्टेबल को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। इस मामले में वहां पर तैनात यातायात पुलिस लाइन के आरक्षी हर गोविंद ने जीप नंबर के आधार पर महिला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राजधानी के सदर कैंट स्थित यातायात पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी हरगोविंद के मुताबिक शुक्रवार सुबह उसकी सरोजनीनगर में शहीद पथ मोड पर डायवर्जन में ड्यूटी लगी थी। हरगोविंद का कहना है कि यहीं पर उनके साथ दुबग्गा के हेड कांस्टेबल सोभनाथ यादव की भी ड्यूटी थी। सोभनाथ सुबह करीब 6:30 बजे बैरियर के पास खड़े होकर यातायात व्यवस्था संचालित कर रहे थे। तभी शहीद पथ मोड़ की तरफ से तेज रफ्तार में निकली चार पहिया वाहन (यूपी 32 एमई 2220) की महिला चालक ने सोभनाथ को जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगने से सोभनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने वहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। बाद में पहुंचे हेड कांस्टेबल सोभनाथ यादव की बेटी सुमन यादव और पुत्र रोशन ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल आरक्षी हरगोविंद की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जीप नंबर के आधार पर उसकी महिला चालक का पता लगा रही है।

**अस्पताल में भर्ती**

# सड़क हादसे में घायल टैटू आर्टिस्ट की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**दुर्घटना**
- दोस्त की बैचलर पार्टी में शामिल होने गया था
- देर रात घर लौटते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार :** दोस्त के घर से बाइक से लौटते समय सड़क हादसे में घायल हुए टैटू आर्टिस्ट की शनिवार शाम ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कैसरबाग के खंदारी बाजार निवासी ज्ञानेंद्र कुमार उर्फ मैंडी सिंह (25) की लाल कुआं में टैटू की दुकान थी। मौसेरे भाई धीरेंद्र के मुताबिक बीते 30 जनवरी को ज्ञानेंद्र महानगर निवासी अपने दोस्त की बैचलर पार्टी में शामिल होने गए थे। देर रात वह बाइक से दोस्त के घर से लौट रहे थे तभी महानगर में वह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मैंडी हेलमेट नहीं लगाए थे। वह अविवाहित थे।

## नाइजीरियन गैंग का सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एबॉट फार्मास्युटिकल लिमिटेड यूनाइटेड किंगडम कंपनी की फ्रेंचाईजी दिलाने का झांसा देकर टेलीग्राम पर 83 लाख रुपये की ठगी करने वाले नाईजीरियन गैंग के सदस्य लवसन इमेसोवम चिनागोरोम मैक्सवेल को गिरफ्तार किया है। साइबर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के मुताबिक, जालसाज विदेशी महिला के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर इंस्टाग्राम फेसबुक पर आईडी बनाता था। फिर दोस्ती के बाद इन्वेस्टमेंट, या फिर बिजनेस आदि चीजो के लिये झांसे में लेकर अपने अन्य सहयोगियों के साथ ट्रेप कर बड़ी धनराशि ऐंठ लेता था।

### भ्रम फैलाने वालों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौलाना डॉ कल्बे जवाद नकवी के खिलाफ लाइव एक्सप्रेस यूट्यूब चैनल से अपमान जनक और अभद्र और झूठी मनगढ़ंत खबरें प्रकाशित कर देश समाज मे वैमनस्यता फैलाने वाले सफदर रिजवी और जमीर नकवी पर लखनऊ कमिश्नरेट की चौक कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर यूट्यूब चैनल के मुखिया सफदर रिजवी और जमीर नकवी के खिलाफ पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।



विधानसभा सत्र के मद्देनजर अटल चौराहे पर तैनात घुड़सवार पुलिस कर्मी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पीएम आवास के नाम पर 3.25 लाख हड़पे

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुड़म्बा इलाके पीएम आवास के नाम पर कई लोगों से 3.25 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। जानकीपुरम निवासी दिलीप कुमार वर्मा ईको गार्डेन में पंप ऑपरेटर हैं। बैंक में उनकी मुलाकात कर्मचारी आशुतोष शर्मा से हुई। उसने गोमतीनगर अवध विहार योजना में फ्लैट दिलाने का झांसा दिया। झांसे में आकर दिलीप वर्मा ने बेटी दीपांजलि वर्मा, बहनोई की बेटी अंजली वर्मा और राजेश की मां फूल कुंवारी के नाम से तीन फ्लैट लेने की हामी भर 2.10 लाख ले लिये। अलॉटमेंट लेटर और कब्जा पत्र मिलने पर पीड़ित अवध विहार कॉलोनी आफिस पहुंचे। जहां कागजात में कुछ खामी बता आरोपी ने छह माह दोबारा घर बुला फ्लैट की कीमत एक लाख रुपये बढ़ने की बात कही। पीड़ितों ने 1.15 लाख रुपये दे दिये। कई माह टालमटोल के बाद फ्लैट नहीं मिलने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे। तब आरोपी संजीत ने 1.15 लाख के दो चेक दिये, जो बाउंस हो गए। 3.25 लाख की ठगी होने पर पीड़ित दिलीप कुमार वर्मा ने डीसीपी उत्तरी से शिकायत की। उनके निर्देश पर गुड़म्बा पुलिस ने आशुतोष शर्मा और संजीत प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### बुलेट बेचने का झांसा देकर दरोगा से ठगे 1.20 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक गुरुप्रीत कौर के मुताबिक, लखनऊ यातायात पुलिस विभाग में अतहर हुसैन दरोगा पद पर तैनात है। लिखित शिकायत में दरोगा ने बताया कि कैंट के लालबत्ती चौराहे के समीप मैकेनिक मोइद खान की दुकान है। वहां उनकी मुलाकात आसिफ खान से हुई। दरोगा ने बताया कि वह बेटे के लिए बुलेट खरीदना चाह रहते थे। जालसाज आसिफ ने बताया कि वह नई बाइक लेना चाहता है, इसलिए वह पुरानी बुलेट बेच रहा है। जालसाजो ने दरोगा से एक लाख 40 हजार में सौदा तय किया। जिसमें 20 हजार रुपये एडवांस भी लिए। वहीं, कई मदों में एक लाख रुपये भी ऐंठ लिए। रुपये मिलने के बाद आसिफ टाल मटोल करने लगा। ई-चालान ऐप के जरिए पड़ताल करने पर दरोगा को जानकारी हुई कि बुलेट एलडीए कॉलोनी निवासी राजेश कनौजिया के नाम से रजिस्टर्ड है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और जाली दस्तावेज बनाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मजदूरों के बीच झगड़ा, बीच-बचाव में कर्मचारी का फोड़ा सिर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत मुंशी पुलिया स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर काम कर रहे मजदूरों के बीच गुरुवार देर रात आपस में झगड़ा हो गया था। बीच- बचाव कर रहे कर्मचारी की मजदूरों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। इस दौरान आरोपितों ने निर्माण कार्य में लगे चार ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद व 60 अज्ञात मजदूरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक विकास राय ने बताया कि बीकेटी के भगतपुरवा निवासी अमित कुमार के मुंशी पुलिया फ्लाईओवर निर्माणकार्य में जीएस एक्सप्रेस कंपनी द्वारा उनके चार ट्रैक्टर लगे हैं। गुरुवार रात जीएस एक्सप्रेस कंपनी के कुछ मजदूर आपस में झगड़ा कर रहे थे। इस बीच वहां मौजूद मनीष दोनों पक्षों को समझाने लगा। मामला शांत होने पर वह सुपरवाइजर सुनील पाण्डेय के कार्यालय में चला गया। इस बीच आरोपी संजय, अमरनाथ, अंगद व अतुल के साथ 60 अज्ञात मजदूर कार्यालय में घुस आए। आरोपियों ने लाठी- डंडे से मनीष की पिटाई कर सिर फोड़ दिया।

### बुजुर्ग व्यापारी की पिटाई कर दुकान से फेंका सामान

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि जय नारायण रोड पर व्यापारी हुकुमचंद गुप्ता (78) की दुकान है। किरायेदारी को लेकर मकान मालिक से उनका विवाद चल रहा है। उनका मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। आरोप है कि मकान मालिक दबंगई के बल पर उसने दुकान खाली कराना चाहता है। शनिवार को पीड़ित व्यापारी दुकान पर मौजूद था तभी मकान मालिक अपने कुछ साथियों को लेकर उनकी दुकान में पहुंचा और अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर मकान मालिक ने बुजुर्ग व्यापारी की लात-घूंसों से पिटाई कर दुकान का सारा सामान सड़क पर फेंक दिया। जानकारी मिलते ही संगठन से जुडे पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उनके साथ उपाध्यक्ष धर्मेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष गुर्प्रीत सिंह चड्ढा, नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, विधानसभा मार्ग के चेयरमैन मुकेश आहुजा, रजनीश यादव आदि ने कार्रवाई की मांग कर थाने में तहरीर दी है।

### मारपीट करने की दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के चंद्रावल निवासी कुलदीप ने गांव के ही मोनिष के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुलदीप का कहना है कि 22 दिसंबर को वह किसी काम से गांव के पास चंद्रावल चौराहे पर गया था। तभी मुन्ना के बेटे मोनिष ने गाली गलौज और मारपीट की। फिलहाल कुलदीप की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### एलटी लाइन व पोल क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर में बुधवार शाम एक पिकअप वाहन ने विद्युत पोल में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे एलटी लाइन का पीसीसी पोल और एबीसी वायर क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले में नादरगंज पावर हाउस के अवर अभियंता राजकुमार ने पिकअप वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जेई राजकुमार का कहना है कि बुधवार शाम करीब 7 बजे अवध विहार कॉलोनी में मदीना मस्जिद के निकट पिकअप वाहन (यूपी 32 आरएन 6157) ने 11 केवी बदाली खेड़ा के एक एलटी पीसीसी पोल में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे पोल और करीब 80 मीटर एबीसी वायर भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके कारण 20 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति करीब 4 घंटे तक बाधित रही। साथ ही विभाग का करीब 39,450 रुपए का नुकसान हो गया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पहाड़ी (चित्रकूट)

पत्रांक : 3011/पं0रा0वि0/पन्द्रहवां वित्त/ टेण्डर नोटिस/2023–24 दिनांक 03.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त /पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु क्षेत्र पंचायत, पहाड़ी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष नामित समिति (अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में अवर अभियन्ता, ल0 सिं0 / ग्रा0 अभि0वि0 एवं सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता) द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिकी दिनांक 05.02.2024 से 12.02.2024 तक क्षेत्र पंचायत कार्यालय पहाड़ी से की जायेगी, जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क अदा करके क्रय की जा सकती है। जमानत राशि बाण्ड/एफडी/एनएससी जो खण्ड विकास अधिकारी, पहाड़ी के नाम बंधक होगी, के द्वारा जमा की जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी एवं निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास होगा।

**कार्यों का विवरण निम्नवत है–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत लाख रू0 में | 02 प्रति0 धरोहर धन0रू0 में | निविदा मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 कलवाराबुजुर्ग में हनुमान मंदिर से बाजपेई के घर तक इण्ला0 खंडजा एवं नाली का निर्माण कार्य, भाग–1 | 9.93 | 19860 | 1000 |
| 2 | ग्रा0पं0 पहाड़ी के बी0आर0सी0 में फर्श पर टाइल्स एवं छत मरम्मत का कार्य | 9.99 | 19980 | 1000 |
| 3 | ग्रा0पं0 भटरी में राजा भैया के घर से बबू के घर तक इ0ला0 खंडजा एवं नाली निर्माण कार्य | 9.96 | 19920 | 1000 |
| 4 | ग्रा0पं0 गनीवां प्रसिद्धपुर में मेनरोड से गेट तक इ0ला0 खडंजा का निर्माण कार्य | 9.95 | 19900 | 1000 |
| 5 | ग्रा0पं0 बक्टाबुजुर्ग में मेनरोड से रामसेवक यादव के घर तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.97 | 19940 | 1000 |
| 6 | ग्रा0पं0 कनकोटा के मजस उद्घटा में भानू के घर से तिराहे तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.93 | 19860 | 1000 |
| 7 | ग्रा0पं0 इटौरा में डाक्टर साहब के घर के पास इ0ला0 खण्डजा एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.98 | 19960 | 1000 |
| 8 | ग्रा0पं0 दरसेडा में शीतला माता मंदिर वाली रोड में पुलिया का निर्माण कार्य | 0.75 | 1500 | 500 |
| 9 | ग्रा0पं0 लमियारी में क्षे0पं0 से निर्मित अधूरा खडंजा से दुर्गा तालाब तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य भाग–2 | 9.96 | 19920 | 1000 |
| 10 | ग्रा0पं0 बक्टा खुर्द में यात्री शेड एवं गेट का निर्माण कार्य | 9.70 | 19400 | 1000 |
| 11 | ग्रा0पं0 चकौंध के कैथिया तालाब में पुलिया का निर्माण कार्य | 1.81 | 3620 | 1000 |
| 12 | ग्रा0पं0 कंधवनिया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में फर्श पर टाइल्स एवं छत मरम्मत का कार्य | 9.47 | 18940 | 1000 |
| 13 | ग्रा0पं0 कलवाराबुजुर्ग में हनुमान मंदिर से बाजपेई के घर तक इ0ला0 खंडजा एवं नाली का निर्माण कार्य, भाग–2 | 9.93 | 19860 | 1000 |
| 14 | ग्रा0पं0 ममसी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में फर्श पर टाइल्स एवं छत मरम्मत का कार्य | 7.49 | 14980 | 1000 |
| 15 | ग्रा0पं0 जमहिल में विमलेश के घर से राजेन्द्र प्रसाद के घर तक इ0ला0 खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य | 9.89 | 19780 | 1000 |
| 16 | ग्रा0प0 पहाड़ी बुजुर्ग में सिकरीसानी रोड से भालचन्द्र के घर के सामने पुलिया एवं नाली का निर्माण कार्य | 9.98 | 19960 | 1000 |
| 17 | ग्रा0पं0 बेराउर में भैरम बाबा के पास नाली का निर्माण कार्य | 9.99 | 19980 | 1000 |
| 18 | ग्रा0पं0 बेराउर में मिट्टी कटान हेतु रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य | 9.97 | 19940 | 1000 |
| 19 | ग्रा0पं0 बालापुर खालसा में पी0डब्ल्यू0डी0 मेन रोड़ से रामचन्द्र के चक्की तक इ0ला0 खण्डजा एवं नाली निर्माण कार्य | 9.97 | 19940 | 1000 |
| 20 | ग्रा0प0 चकौंध के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में अवशेष भाग में फर्श पर टाईल्स का कार्य | 3.21 | 6420 | 500 |

शर्ते निम्नवत होंगी–
1. प्रत्येक कार्य की निविदा प्रपत्र अलग–अलग जमा किये जायेंगे।
2. सामग्री की गुणवत्ता, निविदा में अंकित गुणवत्ता से भिन्न होने पर अथवा अधिकारी द्वारा जाँच में गुणवत्ता कम होने पर वसूली ठेकेदार से की जायेगी। के साथ–साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि बाण्ड/एन0एस0सी0/
3. निविदा चेक / एफडीआर के माध्यम से जमा की जायेगी, जो खण्ड विकास अधिकारी के पदनाम से बंधक होगी।
4. दरों की वैधता तीन माह होगी। निविदा प्रपत्र के साथ 100.00रू0 का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर 1.00 रू0 के रेवेन्यू स्टाम्प सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण न कर पाने का पूर्ण दायित्व ठेकेदार का होगा।।
6. कार्य की लागत घटायी / बढ़ाई जा सकती है
7. निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।
8. क्षेत्र पंचायत द्वारा निष्पादित कराये जाने वाले निर्माण कार्य तथा सामग्री की आपूर्ति ठेके में क्षेत्र पंचायत पहाड़ी के पदाधिकारी सदस्य अधिकारी तथा कर्मचारी या उसके संबंधितों को भाग लेने का अधिकार नहीं है। संबंधित व्यक्ति का आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात 08 प्रतिशत जमानत की धनराशि जमा करना होगा।
10. कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह होगी।

दिनेश कुमार मिश्र
खण्ड विकास अधिकारी
पहाड़ी (चित्रकूट)



भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिशर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# इंडिया गठबंधन को और मजबूत करेगा पीडीए : अखिलेश यादव

## बाराबंकी में बोले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष-90 फीसदी युवा बेरोजगार, नहीं लगा एक भी कारखाना

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने शनिवार को यहां कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए इंडिया गठबंधन को मजबूत करेगा। यह गठबंधन ही एनडीए को हराने जा रहा है। भाजपा सरकार में हर चीज महंगी हो गई है।नमक भी महंगा हो गया है। अरबों के निवेश की बात की गई, लेकिन एक भी कारखाना नहीं लगा।

सपा सुप्रीमो कस्बा बेलहरा में आयोजित लैपटाप वितरण समारोह कस्बा बेलहरा में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो काम समाजवादी सरकार ने शुरू किया था, उसकी नकल भाजपा कर रही है, फिर भी सभी मेधावियों को लैपटॉप वितरण नहीं कर पा रही है। सरकार न रहने पर भी समाजवादी के लोग मेधावियों को लैपटॉप देकर उन्हे लाभान्वित कर रहे है।


सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

नेता विरोधी दल ने कहा कि जिस देश में 80 करोड़ लोग मुफ्त के राशन पर जी रहे हों। वह देश तरक्की कैसे कर सकता है। ईडी को स्थानीय थाने की पुलिस बना दिया गया है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है।महंगाई बेलगाम है। कहा हमारा किसान आज भी संकट में है और यह सरकार कह रही है कि पांच मिलियन डॉलर की इकानॉमी बनाएंगे। जब तक हमारे गांव के रहने वाले गरीब किसान खुशहाल नहीं होंगे, न पांच मिलियन डॉलर, न एक मिलियन डॉलर की इकॉनामी पूरी हो पाएगी। 90 प्रतिशत नौजवान बेरोजगार है, रोजगार के लिए दर बदर भटक रहे है। ये नौकरी नही दे पाए। उत्तर प्रदेश के नौजवान जिन देशों में युद्ध हो रहा है, उन देशों में जाकर लाइन में लगकर रोजगार मांग रहे है। दिल्ली वालों का जो गठबन्धन बना है एनडीए। समाजवादियों का पीडीए गठबन्धन उसे हराने का काम करेंगे। यही पीडीए गठबन्धन इन्डिया गठबन्धन को मजबूत करेगा। इस गठबन्धन में 90 प्रतिशत लोग जिसमें दलित, पिछडे, अल्पसंख्यक और पीडित दुखी के साथ आधी आबादी भी इस पीडीए में शामिल है। समाजवादी पार्टी के चैयरमेन प्रतिनिधि अयाज खां ने जरूरतमंद मेधावियों को लैपटाप वितरण करने का जो निर्णय लिया वह सराहनीय है।

# राम मंदिर : शिखर समेत सप्त मंडप का शुरू होगा निर्माण

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद अब निर्माणाधीन मंदिर के शेष कार्यों को पूरा करने के लक्ष्य पर मंथन शुरू हो गया है। इसी को लेकर मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन शनिवार को शिखर समेत सप्त मंडप के निर्माण पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन में परेशानी न हो, इस पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के बाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने जन्मभूमि पथ का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं भी देखीं।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई पहले दिन की बैठक में निर्माण कार्यों के बीच दर्शन को निर्बाध रूप से चलता रहे, इसकी कार्ययोजना तय की गई है। उन्होंने बताया कि राममंदिर के परकोटे का निर्माण भी जल्द शुरू हो जाएगा। मंदिर में 795 मीटर लंबे परकोटे का निर्माण कार्य चल रहा है। परिसर में ही सप्त मंडप भी बनाए जाने हैं जिसमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, निषाद राज, माता शबरी व माता अहिल्या के मंदिर हैं।

# गोंडा में आरपीएफ ने ट्रेन रोक कराया सुरक्षित प्रसव

**गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार रात दिल्ली से बिहार जा रही बरौनी क्लोन एक्सप्रेस में उस वक्त एक नवजात की किलकारी गूंज उठी जब यात्रा कर रही एक प्रसव पीड़िता ने महिला यात्रियों के सहयोग से ट्रेन में ही एक बेटे को जन्म दिया। प्रसव कराने में मनकापुर रेलवे सुरक्षा बल की भी अहम भूमिका रही।

बिहार के सारण जिले की रहने वाली प्रियंका (30) पति के साथ दिल्ली में रहती है। गर्भवती प्रियंका शुक्रवार को पति धीरज सिंह व परिजनों के साथ बिहार जा रही थी। प्रियंका को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने इसकी सूचना ट्रेन कोच अटेंडेंट को दी तो कंट्रोल रूम को सूचित किया गया। मनकापुर आरपीएफ की टीम ने ट्रेन को स्टेशन पर रुकवाया गया। आरपीएफ निरीक्षक उदय राज के नेतृत्व में टीम ने 108 एंबुलेंस पर तैनात कर्मियों व महिला यात्रियों के सहयोग से ट्रेन में ही प्रसव कराया। महिला ने प्रसव के दौरान एक बेटे को जन्म दिया।



# पिता को डंडे से पीट पीटकर मार डाला

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार:** बटवारे को लेकर पुत्र ने पिता को लकड़ी के डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अप्रत्याशित घटना से पूरा गांव स्तब्ध रह गया। मौके पर पहुंची पुलिस भी आवाक थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सतरिख थाना क्षेत्र के कमरपुर गांव निवासी विशुन यादव 75 और इसके पुत्र शिवपाल यादव के बीच जमीन और घर बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की पुत्र ने पिता पर लकड़ी के डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकार सुमित कुमार त्रिपाठी, एसओ अमर कुमार चौरसिया घटनास्थल की जांच- पड़ताल की लेकिन आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकती है। गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

सं0–885/ स्टाम्प शुल्क /नि0का0/टेण्डर/2023–24 दिनांक: 2 फरवरी, 2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय स0–884 / स्टाम्प शुल्क/नि0का0 / टेण्डर/2023–24 दिनांक 02 फरवरी, 2024 द्वारा स्टान्य शुल्क के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में स्वीकृत निर्माण कार्यो में से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की निविदायें प्रतिशत के आधार पर नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में वर्ष 2023–24 में पजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 21.02.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे तक नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में 2 प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं 3– उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में सीलबन्द निविदायें शर्ता के अधीन आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:30 बजे खोली जायेगी। निविदा के साथ रु0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02% धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बंधक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक पृथक धरोहर जमानत धनराशि टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय से दिनाक 19.02. 2024 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) में प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट WWW.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

**(प्रमिता सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

**(सुधा देवी)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच।


# कार्यालय आदर्श नगर पंचायत हरगाँव (सीतापुर)

स्वच्छ हरगांव
सुन्दर हरगाँव



स्वच्छता ऐप डाउनलोड कीजिए (SWATCHCHAMAHUA)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**26 जनवरी 2024 के राष्ट्रीय पर्व पर नगर पंचायत हरगाँव के समस्त नागरिकों को गणतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ व बधाई।**

नगर पंचायत हरगाँव अपने नागरिकों से निम्न अपील करती है :–
1. नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में सहयोग करें।
2. नगर पंचायत के समस्त करों को समय से अदा करें।
3. अपना कूड़ा डस्टबिन में रखें एवं नगर पंचायत के डोर–टू–डोर कूड़ा लेने वाले कर्मचारी को अपना कूड़ा (गीला–सूखा) अलग–अलग दें।
4. दुकानदार/ग्राहक कपड़े के कैरीबैग का प्रयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें, यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
5. विवाह समारोह एवं अन्य समारोह से उत्पन्न होने वाला कूड़ा नगर पंचायत को दें। इधर–उधर न फेंके।
6. अपने पशुओं को खुला न छोड़े तथा रास्ते में पशुओं को न बांधे।
7. पानी का प्रयोग करने के बाद टोंटी बन्द कर दें, पानी बर्बाद न करें।
8. अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं, वर्षा जल का संरक्षण करें।
9. नगर पंचायत हरगाँव में पीप्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कतई न करें और न ही दूसरों को करने दें। सिंगल सूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने व विक्रय करते पाए जाने पर आपके विरुद्ध रू0 1000/– से 25000/– तक का जुर्माना हो सकता है।
10. नगर पंचायत हरगाँव को नम्बर वन निकाय बनाने के लिए सालिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 कान्सट्रक्शन व डिमोलिशन वेस्ट गाइड लाइन प्लास्टिक रोकथाम नियम व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में निर्धारित अन्य नियमों को अंगीकृत व लागू करता है
11. किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नम्बर 1533 एवं नगर पंचायत के नम्बर 058622598205 पर सम्पर्क कर अपनी समस्या का निराकरण करायें।

-: सभासदगण :-
श्रीमती उमा सिंह, श्री सुएब खाँ, श्रीमती गुड्डी देवी, श्रीमती राजेश्वरी देवी, श्री अशोक मिश्रा, श्री ;षभ गुप्ता, श्री उमेश जायसवाल, श्रीमती मलका गौसिया, श्रीमती बिन्देश्वरी मिश्रा, श्री मो0्नसलीम, श्रीमती रुबीना खातून, श्री हारून कुरैसी, श्री परवेज आलम, श्री प्रताप जोशी

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत हरगाँव
सीतापुर

**समस्त कर्मचारी,**
**नगर पंचायत हरगाँव**

अध्यक्ष
नगर पंचायत हरगाँव
सीतापुर


# कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर

पत्रांक : 263/न0पं0दो0/मो0म0/2023–24 दिनांक – 03–02–2024

**कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर सीमान्तर्गत स्थित जलकल प्रतिशठानों में लगे समरसेबुल (मोटर, पम्प, स्टार्टर) के मरम्मत हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दरें प्राप्त करने हेतु समस्त रजिस्टर्ड फर्मो/ भिज्ञ मैकेनिकल मोटर मिस्त्री द्वारा मुहरबन्द कोटशन्स दिनांक 19.02.2024 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक आमन्त्रित किये जाते है तथा प्राप्त कोटेशन्स को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त दिनांक को समय 02:00 बजे अपरान्ह में खोले जायेगें। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | मोटर मरम्मत कार्य | क्र0सं0 | मोटर मरम्मत कार्य |
|---|---|---|---|
| 01. | मोटर फुल रिवाइडिंग कार्य | 03. | मोटर पम्प मरम्मत प्रति बाउल/स्टेज मैटैरियल सहित |
| 02. | मोटर रिवाडिंग प्रति हार्सपावर मैटेरियल सहित | 04. | स्टार्टर मरम्मत प्रति ऍम्पीयर |

शर्ते:–
1.सर्वन्यून कोटशन की दर ही मान्य होगी।
2.आवश्यकतानुसार आदेश निर्गत किया जायेगा।
3.सशर्त कोटशन स्वीकार नही किया जायेगा।
4.लोड–आनलोडिंग, मोटर निकलने व डालने एवं लेवर चार्ज (मोटर डिस्मेन्टिंगल व बाधने) अलग से देय होगा।

**अतः इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म/भिज्ञ मैकेनिकल मोटर मिस्त्री उपरोक्तानुसार कार्यालय में रखी सील्ड पेटिका में अपना–अपना मुहरबन्द कोटेशन डाल सकते हैं।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

# कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर

पत्रांक : 261/न0पं0दो0/मो0म0/2023–24 दिनांक – 03–02–2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर द्वारा (सफाई व्यवस्था, उपकरण एवं मच्छर–मार, कीटनाशक दवा) आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दरें प्राप्त करने हेतु समस्त रजिस्टर्ड फर्मो/सप्लायर द्वारा मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 19.02.2024 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक आमन्त्रित किये जाते है तथा प्राप्त निविदाओं को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त दिनांक को समय 02:00 बजे अपरान्ह में खोले जायेगें। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | दर | क्र0सं0 | सामग्री का नाम | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टेमीफास 50 प्रतिशत लर्वीसाहड | प्रति लीटर | 12. | ऐसिड | प्रति लीटर |
| 2. | डेल्टामाइथ्रिन 2.5प्रतिशत | प्रति लीटर | 13. | झाडू | प्रति कुन्तल |
| 3. | पैराथ्रम 02प्रतिशत | प्रति लीटर | 14. | तसला | प्रति अदद |
| 4. | डाइफ्लू ज्यूरान 25प्रतिशत डब्लूपी | प्रति किग्रा | 15. | फरूही | प्रति अदद |
| 5. | अल्फासाइपर माइथ्रिन 05प्रतिशत | प्रति किग्रा | 16. | फावडा | प्रति अदद |
| 6. | मैलाथियान टेक्निकल | प्रति लीटर | 17. | गईता | प्रति अदद |
| 7. | सोडियम हाइपो क्लोराइड | प्रति लीटर | 18. | गहदाला | प्रति अदद |
| 8. | बिलीचिंग पाउडर | प्रति कुन्तल | 19. | पी0पी0ई0 किट (सुरक्षा उपकरण), गमबूट, हैण्ड ग्लब्स, मास्क हेलमेट आदि | प्रति अदद |
| 9. | ग्लाइफोसेट 41प्रतिशत | प्रति लीटर | 20. | ट्रेक सूट/टी शर्त, ड्रेस (छपाई सहित) | प्रति अदद |
| 10. | हार्पिक | प्रति लीटर | 21. | चूना पाण्डर | प्रति कुन्तल |
| 11. | फिनायल | प्रति लीटर | | | |

शर्ते:–
1.निविदादाता/कोटेशनदाता को जमानत के रूप में रू0 30,000/– की एनएससी, एफडीआर, टीडीआर/नगद जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर–सलतानपुर के पक्ष में बन्धक होगी निविदा/कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2.सर्वन्यून निविदा की दर ही मान्य होगी।
3.आवश्यकतानुसार समाग्री आपूर्ति का आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
4.सशर्त निविदा स्वीकार नही किया जायेगा।
5.दरें प्रति लीटर/अदद में अंकित होनी आवश्यक हैं।
6.कोटेशन में प्रत्येक सामग्री की जी0एस0टी0 अलग–अलग उल्लेख किया जाना होगा।
7.फर्म का कीटनाशक दवा की लाइसेन्स की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**अतः इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म/डीलर उपरोक्तानुसार कार्यालय में रखी सील्ड पेटिका में अपना–अपना निविदा डाल सकते हैं।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

# कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर

पत्रांक : 262/न0पं0दो0/2023–24 दिनांक – 03–02–2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर द्वारा मार्ग प्रकाश/पेयजल व्यवस्था हेतु निम्नांकित विद्युत उपकरणों के क्रय के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) हेतु दरें प्राप्त करने हेतु समस्त कम्पनियों से तथा इन कम्पनियों के अधिकृत फर्म/डीलर्स/सप्लायर से मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 19.02.2024 को समय 12:00 बजे अपरान्ह में प्राप्त किये जाते है तथा प्राप्त निविदाओं को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त दिनांक को समय 02:00 बजे अपरान्ह में खोले जायेगें। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | दर | क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | एल0ई0डी0 बल्ब 20 वाट | प्रति अदद | 19. | कापर वायर 01 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 02. | एल0ई0डी0 स्ट्रीप लाइट (तिरंगा) पोल हेतु | प्रति मीटर | 20. | कापर वायर 2.5 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 03. | एल0ई0डी0 बल्ब 30 वाट | प्रति अदद | 21. | केबिल 06 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 04. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 60 वाट | प्रति अदद | 22 | केबिल 10 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 05. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 72 वाट | प्रति अदद | 23. | केबिल 30 एम0एम0 आरमेड | प्रति मीटर |
| 06. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 90 वाट | प्रति अदद | 24. | अक्टोगोलन पोल 07, 09 मीटर | प्रति अदद |
| 07. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 150 वाट | प्रति अदद | 25. | इलेक्ट्रिक कीट (प्लास, पेचकस, कटर आदि) | प्रति सेट |
| 08. | एल0ई0डी0 फ्लड 500 वाट | प्रति अदद | 26. | हैण्ड गलब्स | प्रति अदद |
| 09. | इस्टार्टर स्र्टटींग क्वायल | प्रति अदद | 27. | सेफिटी मैट | प्रति मीटर |
| 10. | एल0ई0डी0 बल्ब होल्डर | प्रति अदद | 28. | स्टार्टर 10 एच0पी0 | प्रति अदद |
| 11. | बेड स्वीच | प्रति अदद | 29. | स्टार्टर 35 एच0पी0 | प्रति अदद |
| 12. | पॉवर स्वीच | प्रति अदद | 30. | स्टार्टर 45 एच0पी0 | प्रति अदद |
| 13. | बैण्ड पाइप | प्रति अदद | 31. | कट आउट 200एम्पीयर | प्रति अदद |
| 14. | सेंसर 20 किलोवाट | प्रति अदद | 32. | मेन स्वीच 32, 63 200एम्पीयर | प्रति अदद |
| 15. | आयरन पोल कलेम्प 04, 06 इंच | प्रति अदद | 33. | चेन्ज ओवर 32, 63 200एम्पीयर | प्रति अदद |
| 16. | पीसीसी पोल कलेम्प 04, 06 इंच | प्रति अदद | 34. | एम्पीयर मीटर | प्रति अदद |
| 17. | टेप | प्रति अदद | 35. | बोल्ट मीटर | प्रति अदद |
| 18. | नट बोल्ट | प्रति किग्रा | 36. | कॉपर केबुल फ्लैट 16एमएम | प्रति मीटर |

शर्ते:–
1.निविदादाता को जमानत के रूप में रू0 40,000/– की एनएससी, एफडीआर, टीडीआर/नगद जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर–सलतानपुर के पक्ष में बन्धक होगी निविदा/कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो वारन्टी/गारन्टी तक वापस नही होगी।
2.सर्वन्यून निविदा की दर ही मान्य होगी, जो पी0डब्लू0डी0 व जल निगम की शिड्यूल दर से अधिक न होगी।
3.निविदादाता को सम्बन्धित कम्पनी का अधिकृत डीलर होना आवश्यक होगा। सब डीलर मान्य नही होगा।
4.निविदा की दर स्वीकृत हो जाने पर निर्धारित स्टाम्प पेपर, शपथ–पत्र सहित अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
5.आवश्यकतानुसार समाग्री आपूर्ति का आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
6.दरे घटोत्तरी/बढोत्तरी की दशा में आपूर्ति आदेश के अनुसार सत्यापनोपरान्त भुगतान किया जायेगा।
7.सशर्त निविदा स्वीकार नही किया जायेगा।
8.डीलर होने का समस्त प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9.निविदा में प्रत्येक सामग्री की जी0एस0टी0 अलग–अलग उल्लेख किया जाना होगा।
अतः इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म/डीलर/सप्लायर उपरोक्तानुसार कार्यालय में रखी सील्ड पेटिका में अपना–अपना निविदा डाल सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

# सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था,लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी. के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है,लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे,पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है,लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के,लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है,लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

संघ,जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे,जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया,लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा,ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है,अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है,जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे,उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा,जो वहां विपक्षी है,को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं,क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।

# दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट



प्रो .एच .सी .पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ,संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया,उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा,गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है,क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने,नए एम्स खोलने,आयुष्मान योजना का विस्तार,मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल,सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं,जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन, मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।



यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है,जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन,स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

## समाज की मशाल



हफीज किदवई
लेखक

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं,जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं,मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है,बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया, "जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो,उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था मं नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं,उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

## निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है,लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना,अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

# किताब चोर मैं



अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था,लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया,जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था,लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

# रामभक्तिः विविधता में एकता के दर्शन



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई,लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है,जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं,जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

राहुल गांधी ने झारखंड के गोड्डा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत की जनसभा, कहा

# भाजपा ने की सरकार चोरी करने की कोशिश

गोड्डा/देवघर (झारखंड), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झारखंड में सरकार की चोरी की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनादेश की रक्षा के लिए हस्तक्षेप किया।

गोड्डा जिले में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)नीत गठबंधन सरकार को बचाने में कांग्रेस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक बार फिर भाजपा की


देवघर जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी।

विचारधारा का विरोध करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वह बाद में देवघर पहुंचे और कुंवर सिंह चौक पर एक अन्य रैली को संबोधित करने के अलावा प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में रुद्राभिषेक

**राजनीति**

**▸▸ भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने देश में बेरोजगारी की बीमारी फैलाई है, देश का युवा इससे निजात पाना चाहता है**

किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश का युवा रोजगार चाहता है। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने देश में बेरोजगारी की बीमारी फैलाई है। इस नई बीमारी ने भारतीय युवाओं को संक्रमित कर दिया है और उनका भविष्य बर्बाद कर दिया है। राहुल गांधी ने देश में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों का वास्तविक आंकड़ा जानने के लिए जाति आधारित गणना कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने दावा किया कि देश में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय बढ़ रहा है।

### राहुल के सामने लगे मोदी जिंदाबाद, जय श्रीराम के नारे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 21वें दिन शनिवार को झारखंड के देवघर पहुंचे। उन्होंने यहां बाबा वैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राहुल इस दौरान गुलाबी धोती पहने और माथे पर चंदन लगाए नजर आए। राहुल जब मंदिर से निकले तो वहां मौजूद लोगों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद के साथ-साथ जय श्रीराम के नारे लगाए।

# भारतीय ग्रंथों का ज्ञान आज की सामरिक जरूरतों के लिए प्रासंगिक: सीडीएस

पुणे, एजेंसी

**▸▸ पुणे में रक्षा साहित्य महोत्सव को किया संबोधित**

**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि इतिहास के अनगिनत सबक सामरिक सोच की नींव के रूप में काम करते हैं और प्राचीन भारतीय ग्रंथ ज्ञान के भंडार हैं जो इसे समाहित करते हैं।

पुणे में आयोजित कलाम और कवच रक्षा साहित्य महोत्सव को संबोधित करते हुए सीडीएस चौहान ने महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों के साथ-साथ भगवद्गीता का उदाहरण दिया और कहा कि उनका प्राचीन ज्ञान आज की सामरिक जरूरतों के लिए प्रासंगिक है।

उन्होंने भारतीय धर्मग्रंथों से समय से परे धर्म की शाश्वत प्रासंगिकता पर जोर दिया जिनमें कर्तव्य, सत्यता और नैतिक संतुलन के सिद्धांतों को रेखांकित किया गया है। जनरल चौहान ने कहा कि सभ्यता के सामरिक विचार भूगोल, ऐतिहासिक अनुभव जैसे विभिन्न कारकों से आकार लेते हैं। भारतीय सभ्यता को अपनी ताकत 5000 साल की विरासत से मिलती है। भारतीय इतिहास के अनगिनत सबक सामरिक सोच की नींव के रूप में काम करते हैं। प्राचीन भारतीय ग्रंथ इस ज्ञान को समाहित करते हैं और ज्ञान के भंडार के रूप में कार्य करते हैं। सीडीएस ने रेखांकित किया कि भगवान राम के अलावा कौन इस अवधारणा के प्रमुख प्रणेता और प्रस्तावक हो सकता है। रामायण में, भगवान राम को युद्ध करने का पूरा अधिकार था, और उन्होंने और उनकी सेना ने इस युद्ध के दौरान नैतिक आचरण का प्रदर्शन किया क्योंकि विभीषण को राजा नियुक्त किया गया। , कब्जे वाले क्षेत्र वापस कर दिए गए और वह अयोध्या में अपने राज्य में वापस आ गए।

# आईएफएस अधिकारी पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

ब्यूरो, देहरादून

**▸▸ मुकदमा दर्ज, पुलिस आरोपी से जल्द कर सकती है पूछताछ**

अमृत विचारः वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के खिलाफ महिला कार्मिक से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले उन्हें इस मामले में शासन ने उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव पद से हटा दिया था। महिला कार्मिक से अभद्रता और छेड़छाड़ के आरोप में अब इस भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अफसर पर कानूनी और विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है।

उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीसीबी) के नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम प्रोजेक्ट (एनसीएपी) के अंतर्गत कार्यरत महिला ने बोर्ड के सदस्य सचिव व आईएफएस अधिकारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इस मामले में राजपुर थाना पुलिस ने अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 24 जनवरी की दोपहर को वह यूपीसीबी के सदस्य सचिव आईएफएस अधिकारी सुशांत कुमार पटनायक के पिता के निधन पर सांत्वना देने के लिए उनके कार्यालय में गई। इस दौरान सदस्य सचिव ने उन्हें पकड़ लिया और उनके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। किसी तरह से वह उनके चंगुल से छूटी। इसके बाद आरोपित ने अपने वाट्सएप से मैसेज भेजकर घटना के लिए माफी मांगी और तत्काल मैसेज डिलीट भी कर दिए। उन्होंने नोटिफिकेशन हिस्ट्री से मैसेज रिकवर कर लिए हैं। इसके बाद आरोपी ने समझौते के लिए उन पर दबाव बनाया और बोर्ड के एक अधिकारी को भेजकर समझौता करना चाहा। इस संबंध में उन्होंने बोर्ड के अध्यक्ष से 25 जनवरी को शिकायत की, जिसकी जांच अभी चल रही है।

थानाध्यक्ष राजपुर पीडी भट्ट ने बताया कि शिकायत के उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव आधार सुशांत कुमार पटनायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में जल्द पटनायक से पूछताछ कर सकती है।

वाजपेयी के नौ वर्ष बाद मिला भारत रत्न, दोनों ने पांच दशकों तक किया जनसंघ और भाजपा का नेतृत्व

# हिंदुत्व की राजनीति से भाजपा को राष्ट्रीय फलक पर लाए आडवाणी

नई दिल्ली, एजेंसी

लालकृष्ण आडवाणी भारतीय राजनीति की वह शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने दौर की राजनीति को अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों और अपनी रथयात्राओं से प्रभावित किया तथा धर्मनिरपेक्षता के विमर्श के मुकाबले हिंदुत्व की राजनीति के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रीय फलक पर मजबूती से स्थापित करने में मदद की।


आडवाणी को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नौ वर्ष बाद यह सम्मान दिया गया है। दोनों नेताओं ने मिलकर पांच दशकों से अधिक समय तक जनसंघ और फिर भाजपा का नेतृत्व किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आडवाणी (96) को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा की। इसी साल अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा भाजपा के लिए एक अत्यंत भावनात्मक मुद्दे के विजयी समापन का प्रतीक है, जिसे 1990 में आडवाणी की राम रथ यात्रा के माध्यम से जनता में लोकप्रियता मिली और हिंदुत्ववादी पार्टी भाजपा के लगातार आगे बढ़ने का रास्ता खुला। आडवाणी के समकालीनों ने एक राजनीतिक रणनीतिकार और संगठन-निर्माता के रूप में उनकी प्रशंसा की। उनकी अध्यक्षता में भाजपा ने 1989 में अपने पालमपुर सम्मेलन के दौरान

**▸▸ 1990 में आडवाणी की रथ यात्रा को जबरदस्त समर्थन मिला**

मंदिर निर्माण के समर्थन में एक प्रस्ताव अपनाकर रामजन्मभूमि आंदोलन को अपना पूरा समर्थन देने का फैसला किया, जिसे भक्त भगवान राम का जन्मस्थान मानते हैं। वर्ष 2005 में अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान आडवाणी ने कराची में पाकिस्तान के संस्थापक एम.ए. जिन्ना की मजार पर उनकी बहुत प्रशंसा की, और दावा किया कि दो-राष्ट्र सिद्धांत के प्रस्तावक धर्मनिरपेक्ष और हिंदू-मुस्लिम एकता के दूत थे। कराची ही आडवाणी का जन्मस्थान भी है।

### बाबरी मस्जिद के विध्वंस को बताया था जीवन का सबसे दुखद दिन



भाजपा के निश्चित रूप से दक्षिणपंथ की ओर मुड़ने की राजनीतिक क्षेत्र में चौतरफा निंदा हुई, लेकिन 1984 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के बेहद खराब प्रदर्शन ने इसके कार्यकर्ताओं को निराशा कर दिया, जब वह केवल दो सीटें जीत सकी। वर्ष 1990 में आडवाणी की रथ यात्रा को जबरदस्त समर्थन मिला और विभिन्न स्थानों पर सांप्रदायिक दंगे होने के बावजूद रथ यात्रा की लोकप्रियता ने भाजपा को पहली बार उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में अपने दम पर सत्ता में ला दिया और पार्टी को अन्य राज्यों की एक प्रमुख ताकत के रूप में स्थापित किया। वर्ष 1992 में एक भीड़ द्वारा अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस को आडवाणी ने अपने जीवन का सबसे दुखद दिन करार दिया था, क्योंकि केंद्र में कांग्रेस सरकार द्वारा भाजपा शासित सभी चार राज्यों की सरकारों को बर्खास्त करने से पार्टी को राजनीतिक अलगाव और कानूनी परेशानियों का डर था।

### प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में नहीं मिला समर्थन

लालकृष्ण आडवाणी 2009 के आम चुनाव में भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे, लेकिन भरपूर समर्थन नहीं मिला और आरएसएस की सक्रिय भूमिका वाली पार्टी ने अंततः उन्हें बाहर करने का फैसला किया और 2014 के चुनाव से पहले मोदी को अपने राष्ट्रीय चेहरे के रूप में आगे किया। मोदी के उत्थान और रणनीतिक कौशल को लेकर आडवाणी की नाराजगी ने उन्हें पार्टी के भीतर और भी कमजोर कर दिया, क्योंकि पार्टी कार्यकर्ता गुजरात के इस नेता (मोदी) के इर्द-गिर्द लामबंद हो गए।

# पांच घंटे के प्रयास के बाद केजरीवाल को सौंपा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को पांच घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया और आम आदमी पार्टी (आप) के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा हमने उन्हें (केजरीवाल) नोटिस तामील कराया है। वह लिखित रूप में तीन दिनों के अंदर जवाब दे सकते हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद अधिकारियों को



**▸▸ विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर 3 दिन में देना होगा जवाब**

आखिरकार नोटिस सौंपा गया।

इससे पहले, सिविल लाइंस में केजरीवाल के आवास पर एक नाटकीय घटनाक्रम हुआ, क्योंकि अपराध शाखा की एक टीम जांच के सिलसिले में उन्हें नोटिस देने एक बार फिर शनिवार को वहां पहुंची। अपने आवास पर कुछ पुलिस कर्मियों का एक वीडियो साझा करते हुए केजरीवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नोटिस तामील कराने के लिए भेजे गए पुलिस अधिकारियों से उन्हें सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपराध रोकना उसका (पुलिस का) कर्तव्य है लेकिन उसे नाटक में शामिल किया जा रहा है।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए पूछा कि इस मुद्दे पर नाटक क्यों किया जा रहा है जबकि पार्टी जानती है कि पिछले कुछ वर्षों में विधायकों की खरीद-फरोख्त कर देश भर में अन्य पार्टियों की सरकारें गिराने के पीछे कौन था? केजरीवाल ने पिछले सप्ताह आरोप लगाया था कि भाजपा ने दिल्ली में उनकी सरकार गिराने के लिए आप के सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है।

### समन का जवाब नहीं देने पर ईडी ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पेश नहीं होने पर शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ यहां एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष दायर की गई, जिन्होंने मामले की अगली सुनवाई सात फरवरी को तय की। न्यायाधीश ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 50 के अनुपालन में उपस्थित नहीं होने के लिए नई शिकायत प्राप्त हुई है।

## रेलवे भर्ती परीक्षा के लिए कैलेंडर जारी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में नियमित भर्ती परीक्षा के लिए शनिवार को भर्ती कैलेंडर जारी किया। उन्होंने कहा कि नियमित भर्ती परीक्षा में यह यदि कोई अभ्यर्थी पहले प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सका तो उसे और भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही चयनित लोगों के लिए बेहतर करियर प्रगति का मौका मिलेगा। वहीं भर्ती और नियुक्ति प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। कैलेंडर के मुताबिक जनवरी और फरवरी में सहायक लोको पायलट, अप्रैल से जून तक तकनीशियन तथा जुलाई से सितंबर के दौरान गैर तकनीकी वर्ग, स्नातक स्तरीय 4, 5,6 तथा गैर तकनीकी वर्ग, स्नातक स्तरीय 2, और 3, जूनियर इंजीनियर तथा पैरा मेडिकल केटेगरी में भर्ती परीक्षा होगी।

# 20 निराश्रित गोवंशों की मौत, पलटने से बचीं पदमावत व राप्ती गंगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः मीरानपुर और बिलपुर रेलवे स्टेशन के बीच कसरक रेलवे क्रॉसिंग और हुलासनगरा के पास दो ट्रेनों की चपेट में आकर 20 निराश्रित गोवंशों की कटकर मौत हो गई। वहीं हादसे में अप लाइन की पद्मावत और राप्ती गंगा एक्सप्रेस पलटते-पलटते बचीं।

ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेनें रोकी थीं। तमाम यात्री कोच से नीचे


जांच करते मौके पर पहुंचे अधिकारी

उतर आए। जानकारी पर रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेल यातायात भी बाधित रहा। ट्रेन संख्या 4207 प्रतापगढ़-आनंद बिहार पद्मावत एक्सप्रेस शुक्रवार की रात करीब 1.30 बजे बरेली की ओर जा रही थी। मीरानपुर कटरा और बिलपुर के बीच कसरक रेलवे फाटक के निकट अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड रेलवे लाइन के किनारे निकल रहा था। लोको पायलट ने पशुओं को रेल लाइन से हटाने को सायरन बजाया और ट्रेन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेन की चपेट में आकर 10 गोवंशों की मौत हो गई।

इस दौरान इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर ट्रेन पलटते-पलटते बची। सूचना पर बरेली की आरपीएफ, कटरा पुलिस और रेल कर्मचारी

**हादसा**

**▸▸ लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेनें, यात्रियों में मची चीख पुकार, रेल प्रशासन में मचा हड़कंप**

मौके पर पहुंचे। इस हादसे को कुछ घंटे बीते होंगे कि दूसरा हादसा हो गया। शनिवार की तड़के 5 बजे राप्ती गंगा एक्सप्रेस बरेली की ओर जा रही थी। हुलासनगरा गांव के सामने अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड अप लाइन के पास से निकल रहा था। लोको पायलट ने सायरन बजाकर उन्हें हटाने का प्रयास किया। तब तक ट्रेन की चपेट में आने 10 गोवंशों की मौत हो गई। एसडीएम अंजली गंगवार, सीओ तिलहर प्रयांक जैन, कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी, बरेली की आरपीएफ, रेल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

रेल कर्मचारियों ने ट्रेन के इंजन में फंसे मांस के टुकड़ों को निकाला और ट्रेनों को बरेली के लिए रवाना किया। इस दौरान मरे पशुओं को रेलवे लाइन से किनारे किया। इसके बाद रेल यातायात सामान्य हुआ।


## वर्ग पहेली-332

**बाएं से दाएं**

1. 1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।
3. 1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।
5. 1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध
7. 1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े
8. 1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।
3. 1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।
4. 1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।
6. 1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



### वर्ग पहेली - 331 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 छु | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 2 अ | भं | 3 ज | न | ■ |
| ■ | न | ■ | न | ■ | ■ |
| 4 ख़ा | ■ | ■ | यि | ■ | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | ■ | प |
| दा | ■ | वाँ | ■ | ■ | का |
| नी | ■ | 8 च | चो | ड़ | ना |

## सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 8 | |
| | 8 | 9 | | | 4 | | | 5 |
| 3 | | | 2 | | | 7 | | |
| | 2 | | | 8 | 9 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 3 | 9 | |
| 9 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | | | 7 | | | 8 |
| 4 | | | 1 | | | 9 | 5 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 48 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष:** आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

**वृष:** आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

**मिथुन:** आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क:** आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

**सिंह:** आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

**कन्या:** आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

**तुला:** आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

**वृश्चिक:** आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**धनु:** आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मीन:** आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
सल्तनत – सुबह: 10.00
सपूत – रात: 07.00

**Sony Max**
नमस्ते लंदन – सुबह: 10.03
पीके – रात: 07.00

**Sony Pix**
दहेज – सुबह: 09.19
टर्मिनेटर 3 – रात: 09.00

**Zee Cinema**
जयंतभाई की लव स्टोरी – सुबह: 10.30
कहानी 2 – रात: 07.30

**Colors Cineplex**
कच्चे लिंबु – दोपहर: 01.52
दोस्ताना – रात: 09.48

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

## सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...



सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

## बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

# गारंटी असहाय लोगों के लिए आखिरी उम्मीद

## ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी 'गारंटी' देशभर के 'असहाय लोगों की आखिरी उम्मीद' है और ओडिशा के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य तथा इसके लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। वर्ष 2019 के बाद राज्य में अपनी पहली राजनीतिक रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में लोगों का इस्तेमाल 'वोट बैंक' के रूप में किया, जबकि भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास को महत्व दे रही और पिछले 10 वर्षों में उनके लिए बजट बढ़ाया गया है। मोदी ने कहा- यह भाजपा है जिसने ओडिशा की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के पद पर पहुंचाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में शनिवार को 68,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा-आज ओडिशा के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि लगभग 70,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं।



संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

### कहा-मोदी की गारंटी गारंटियों की गारंटी है

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी (मोदी की) गारंटी-गारंटियों की गारंटी है। मोदी ने ओडिशा के विकास में अपनी सरकार के योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान चार करोड़ गरीब परिवारों को 'पक्के घर' उपलब्ध कराए गए हैं और लोगों को दो करोड़ पक्के घर देने के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। ओडिशा के करीब 25 लाख लोगों को पक्के घर मिल चुके हैं। कहा-जिनके पास पक्के घर नहीं हैं उन्हें भी जल्द पक्के घर मिलेंगे।

## एक नजर

### 2.2 करोड़ की मेफेड्रोन के साथ 4 लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 2.2 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन के साथ दो नाइजीरियाई नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुंबई में अंधेरी पश्चिम के वर्सोवा में कथित तौर पर 2.04 करोड़ रुपये के मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि दोनों की पहचान महेंद्र चंद्र सिंह (40) और सैयद मुर्तुजा फहमी (37) के रूप में की।

### कोर्ट ने मकोका के तीन आरोपियों को किया बरी

**ठाणे।** ठाणे जिले की एक अदालत ने जघन्य अपराधों में संलिप्तता के आरोप में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अमित शेटे ने शुक्रवार को आरोपी प्रकाश दशरथ धन्वा (26), मिलिंद शंकर धन्वा (25) और दशरथ टंडेल (52) को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर पाया। तीनों के खिलाफ पालघर जिले के वाडा, मनोर, विरार, तुलिंज, और बोईसर पुलिस थाना की सीमा में हत्या के प्रयास में मकोका लगाया गया था।

## नीतीश ने गृह विभाग अपने पास रखा, वित्त और स्वास्थ्य विभाग भाजपा के हिस्से में

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नए मंत्रिमंडल में विभागों का आवंटन करते हुए गृह विभाग अपने पास रखा जबकि वित्त विभाग भाजपा को दिया है। एक अधिसूचना के अनुसार, गृह के अलावा कुमार ने कैबिनेट सचिवालय, चुनाव, सतर्कता, सामान्य प्रशासन जैसे प्रमुख विभाग भी अपने पास रखे हैं। साथ ही किसी और को आवंटित नहीं किए गए अन्य सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त व स्वास्थ्य विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

## शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

**ठाणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते

**» भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली**

हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ पर गोलियां चलाईं थीं।

## मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

**ब्यूरो, नई दिल्ली**

**» कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना**



**अमृत विचारः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

## झारखंड विस में विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

**रांची, एजेंसी**

**» रांची की एक विशेष अदालत ने दी है अनुमति**



रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी।

अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। सोरेन ने अदालत के समक्ष दलील दी कि वह विधानसभा के सदस्य हैं और उन्हें विशेष सत्र में भाग लेने का अधिकार है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता (हेमंत सोरेन) अर्जी दायर कर इस अदालत से एक आदेश का अनुरोध कर रहा है, ताकि उन्हें झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने और पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होने वाले विश्वास मत की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जा सके।'' चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार को पांच फरवरी को सदन में बहुमत साबित करने के लिए विश्वास मत हासिल करना है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि ईडी ने याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई। रंजन ने कहा-हमने कहा कि मामला अब उजागर हो चुका है और ईडी का उद्देश्य कोई जांच करना नहीं, बल्कि नयी सरकार के गठन में बाधा डालना या सरकार गिराना है।

### अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद श्री सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और श्री सिंह को हालांकि दिल्ली शराब घोटाले मामले में अदालत से राहत नहीं मिली है। दरअसल अदालत ने दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत अब 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। इससे पहले 20 जनवरी को दिल्ली अदालत ने आप के दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत को तीन फरवरी तक बढ़ा दी थी। 'आप' के दोनों नेताओं को शराब घोटाले में न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था।

## ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए "बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# 6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

**कोलकाता, एजेंसी**




क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई मुद्रा स्फीति के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

### इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

**नई दिल्ली।** देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का किया शुभारंभ

**खूंटी/रांची।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी, झारखंड में पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुंडा ने कहा कि यह मेला देश के पूर्वी क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा, जिसकी सार्थकता खेतों में नजर आएगी। केंद्र सरकार की कोशिश है कि हर राज्य खेती में आत्मनिर्भर बने और हमारे किसानों की आय बढ़े। किसानों को गर्व से यह कहने का मौका मिले कि हम किसी के मोहताज नहीं हैं, बल्कि हम मजबूत हैं और हमारे माध्यम से हमारा देश भी सशक्त है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, रांची के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र, तोरपा, खूंटी में आयोजित इस मेले में पूर्वी राज्यों के हजारों किसान शामिल हुए हैं।

## पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**» वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम**



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना को बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,350 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**» उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन**

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और सबसे बड़े व सबसे जटिल सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों में इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

## धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**» ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां**



धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों में भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

## रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

### डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।



रामकुमार रामनाथन। ● एजेंसी

### राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

**विनियस (लिथुआनिया)।** राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्ड ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

## साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

**अहमदाबाद, एजेंसी**

साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

**इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन**

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर श्रृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे।

मेजबान टीम अभी श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला।

रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।



### पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूक गए थे साई सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

# यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

## पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।


भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

**209 रन की पारी खेली यशस्वी जायसवाल ने**

**6 विकेट लेकर बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर**





### दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।

### मुश्किलों भरा रहा यूपी के यशस्वी की कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्रशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा। उन्होंने आईपीएल में 37 मैचों में 1172 रन बनाए है। जायसवाल ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 17 मैचों में 502 रन बनाए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | 253/10 (55.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर | 76 | 78 | 11/2 |
| बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप | 21 | 17 | 4/0 |
| ऑली पोप बो बुमराह | 23 | 55 | 2/0 |
| जो रूट का गिल बो बुमराह | 5 | 10 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह | 25 | 39 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 47 | 54 | 5/1 |
| बेन फोक्स बो कुलदीप | 6 | 10 | 1/0 |
| रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप | 6 | 15 | 1/0 |
| टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह | 21 | 24 | 2/1 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह | 6 | 19 | 1/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 8 | 15 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 9, कुल: 55.5 ओवर में ऑल आउट: 253 रन, **विकेट पतन:** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182, 8-229, 9-234, **गेंदबाजी:** बुमराह 15.5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

| भारत | 396/10 (112 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन | 209 | 290 | 19/7 |
| रोहित शर्मा का पोप बो बशीर | 14 | 41 | 0/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन | 34 | 46 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले | 27 | 59 | 3/0 |
| रजत पाटीदार बो रेहान | 32 | 72 | 3/0 |
| अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर | 27 | 51 | 4/0 |
| श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान | 17 | 23 | 2/1 |
| अश्विन का फोक्स बो एंडरसन | 20 | 37 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 8 | 42 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान | 6 | 9 | 1/0 |
| मुकेश कुमार का रूट बो बशीर | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 02, कुल: 112 ओवर में ऑल आउट: 209 रन, **विकेट पतन:** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

## खेल डायरी

### मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

**लंदन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी।

### अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारीं

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की अस्मिता को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 21-13, 21-12 से हराया। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद अस्मिता को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। सुपानिडा ने अगले 10 में से 9 अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

**पुणे।** भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी आरती महिला एकल एसयू-5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल में 7 कांस्य पदक जीते हैं।



### भारत की श्रीवल्ली और जील देसाई ने किया उलटफेर

**मुंबई ओपन**

**मुंबई।** भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शनिवार को डब्ल्यूटीए टूर पदार्पण करते हुए मुंबई ओपन के पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में यूनान की वालेनटिनी ग्रामाटिकोपोलू को हराकर उलटफेर किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली जील देसाई ने भी यूनानी खिलाड़ी साफो साकेलारिडी को हराकर बाहर किया। श्रीवल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 117वीं विश्व रैंकिंग पर काबिज वालेनटिनी को 6-3, 6-2 से पराजित किया। जील देसाई ने साफो पर 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। गैर वरीय वैदेही चौधरी भी प्रतिद्वंद्वी चौथी वरीय देजाना रादानोविच के रिटायर्ड हर्ट होने पर दूसरे दौर में पहुंच गईं। मधुरिमा सावंत और समीक्षा श्राफ अगले दौर में नहीं पहुंच सकीं।

### नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के मुताबिक बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं।

## विराट कोहली की वापसी पर संदेह केएल राहुल के फिट होने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विराट कोहली की इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों में वापसी पर संदेह है। कोहली इस समय देश से बाहर हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर या बीसीसीआई के अधिकारी उनसे बात करेंगे ताकि पता चल सके कि वह टीम में शामिल होने की स्थिति में हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि कोहली का टेस्ट से बाहर होने का व्यक्तिगत कारण उनके दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार है जिसका खुलासा उनके करीबी मित्र और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर किया है। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही किया है। उनके दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। यह परिवार का समय है।

**डिविलियर्स ने किया खुलासा कहा- जल्द ही दूसरे बच्चे के पिता बनने वाले हैं विराट कोहली**

## सलीमा टेटे ने 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कलिंगा हॉकी स्टेडियम पर शनिवार को 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रही सलीमा टेटे को हॉकी इंडिया ने बधाई दी है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में चीन के खिलाफ सलीमा भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। सलीमा ने 2016 में पदार्पण किया था। झारखंड की सलीमा ने 19 साल की उम्र में ओलंपियन का रुतबा हासिल किया। उन्हें एशिया कप 2022 के टूर्नामेंट की उभरती हुई खिलाड़ी नामित किया गया। वह हांगजाऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा थीं। उन्हें 2023 में एएचएफ एथलीट राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके अलावा कई उपलब्धियां उनके नाम हैं।

## आर्यन और करन ने रणजी में ठोका दोहरा शतक

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

**548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन**



आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप (53) का गिरा। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के की मदद से 208 रन बनाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा (3) के आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने 4, राहुल सिंह ने 3, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।




# बॉलीवुड हलचल

## मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू

अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।



### फराह खान ने की शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

## भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री

साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।




## कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खुल न जाए।



### अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज

अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।





स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

